रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एस.)-127 REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकरण से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 514] नई दिल्ली, सोमवार, अक्तूबर 12, 1987/आश्विन 20, 1909
No. 514] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 12, 1987/ASHVINA 20, 1909

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय

नई दिल्ली, 12 अक्तूबर, 1987

अधिसूचना

का०आ० 899 (अ).—मद्रास गैर पंजीकृत डाक जनरल पूल श्रमिक (रोजगार का विनियमन) की प्रारूप स्कीम 1987 का निम्नलिखित मसौदा, जिसे केन्द्र सरकार डाक श्रमिक (रोजगार का विनियमन) अधिनियम 1948 (1948 का 9) की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाने का प्रस्ताव है, उन सभी व्यक्तियों के लिए जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना है, उक्त उपधारा की अपेक्षानुसार प्रकाशित की जाती है और एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उक्त मसौदे पर, इस अधिसूचना के सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों की समाप्ति पर या उसके बाद विचार किया जाएगा ।

2. किसी व्यक्ति से उक्त अवधि के अंदर प्राप्त होने वाली आपत्तियों अथवा सुझावों पर केन्द्र सरकार द्वारा विचार किया जाएगा ।

मसौदा स्कीम

1. लघु शीर्ष एवं प्रारंभ : यह स्कीम मद्रास गैर पंजीकृत डाक जनरल पूल श्रमिक (रोजगार का विनियमन) स्कीम, 1987 कही जाएगी (आगे इसे "स्कीम" कहा गया है) ।

यह सरकारी राजपत्र में इसके अंतिम प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगी ।

2. उद्देश्य और प्रवर्तन :

(1) (i) स्कीम के उद्देश्य—श्रमिकों की सूची में उपलब्ध ऐसे श्रमिकों की पर्याप्त संख्या रखकर शिड्यूल 1 में दर्शाए गए गोदी सामान्य पूल श्रमिकों के लिए (1) रोजगार की अधिकाधिक नियमितता सुनिश्चित करना ।

(ii) गोदी कार्य में निष्पादन कार्यकुशलता और उत्पादकता के संतोषजनक स्तरों को प्राप्त करना तथा प्रलेखन में यथार्थता लाना ।

(2) स्कीम मद्रास पत्तन से संबंधित है और शिड्यूल 1 में निर्दिष्ट गोदी सामान्य पूल श्रमिकों के वर्गों और उनके द्वारा किए गए काम के विवरण पर लागू होती है, जैसा कि शिड्यूल 2 में निर्दिष्ट किया गया है ।

बशर्ते कि यह स्कीम ऐसे किसी श्रमिक पर तब तक लागू नहीं होगी जब तक उसे नियुक्त नहीं किया जाता अथवा सामान्य पूल श्रमिक के रूप में रोजगार के लिए उसकी आवश्यकता न हो।

(3) इस स्कीम का कोई भी अंश भारतीय नौ सेना के किसी जहाज अथवा रक्षा प्राधिकारियों द्वारा प्रतिबंधित हैंडलिंग के लिए घोषित कार्गो पर लागू नहीं होगा।

(4) इस स्कीम का कोई भी अंश पतन में चिपिंग और पेंटिंग कार्य में लगे किसी श्रमिक पर लागू नहीं होगा।

3. परिभाषाएं :

इस स्कीम में जब तक विषय अथवा संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो—

(क) "अधिनियम" का अर्थ है गोदी श्रमिक (रोजगार का विनियमन) अधिनियम, 1948 (1948 का 9);

(ख) "प्रशासनिक निकाय" का अर्थ है अनुच्छेद 5 के तहत नियुक्त प्रशासनिक निकाय;

(ग) "बोर्ड" का अर्थ है अधिनियम के तहत गठित मद्रास गोदी श्रमिक बोर्ड;

(घ) "अध्यक्ष" का अर्थ है बोर्ड का अध्यक्ष;

(ङ) "उपाध्यक्ष" का अर्थ है मद्रास गोदी श्रमिक बोर्ड का उपाध्यक्ष;

(च) "गोदी नियोक्ता" का अर्थ है वह व्यक्ति जो सूचीबद्ध गोदी समान्य पूल श्रमिक नियुक्त करता है अथवा जिसे नियुक्त करना होता है और जिसमें नौवहन कम्पनियों अथवा स्टीमर एजेंटों अथवा स्टीवडोर नियोक्ता अथवा ठेकेदार अथवा ऐसे नियोक्ताओं का एक समूह शामिल है;

(छ) "गोदी कार्य" का अर्थ है उन स्थानों अथवा परिसरों में कार्य करना जिनसे स्कीम का संबंध है, सामान्यतः यह कार्य उन श्रेणियों अथवा विवरणों के सूचीबद्ध गोदी सामान्य पूल श्रमिकों द्वारा किया जाता है जिन पर यह स्कीम लागू होती है;

(ज) "नियोक्ता" का अर्थ है स्कीम के तहत रखी जाने वाली गोदी नियोक्ताओं की सूची;

(झ) "सामान्य पूल" का अर्थ है सूचीबद्ध गोदी प्राप्ति लिपिक, गोदी पर्यवेक्षक, रिगर फोरमैन और सामान्य प्रयोजन मजदूर का एक पूल जो काम के लिए उपलब्ध होते हैं और जो सूचीबद्ध नियोक्ता अथवा नियोक्ताओं के एक समूह के पास मासिक श्रमिकों के रूप में थोड़े समय के लिए रोजगार में नहीं होते हैं;

(ञ) "श्रमिक अधिकारी" का अर्थ है बोर्ड द्वारा अनुच्छेद 13 के तहत नियुक्त श्रमिक अधिकारी;

(त) "सूचीबद्ध श्रमिक" का अर्थ है गोदी प्राप्ति लिपिक, गोदी पर्यवेक्षक, रिगर फोरमैन और सामान्य प्रयोजन मजदूर श्रेणी का गोदी श्रमिक जिसका नाम थोड़े समय के लिए प्रशासनिक निकाय द्वारा रखे जाने वाले सूचीबद्ध श्रमिकों के रिकार्ड में दर्ज किया जाता है;

(थ) "सूचीबद्ध नियोक्ता" का अर्थ है शिपिंग कम्पनी अथवा शिपिंग एजेंट अथवा स्टीवडोर नियोक्ता अथवा ठेकेदार अथवा सूचीबद्ध गोदी प्राप्ति लिपिक, गोदी पर्यवेक्षक, रिगर फोरमैन और सामान्य प्रयोजन मजदूर के ऐसे नियोक्ताओं का समूह जिनका नाम थोड़े समय के लिए नियोक्ताओं की सूची में दर्ज किया गया हो;

(द) "सूची अथवा रिकार्ड" का अर्थ है गोदी प्राप्ति लिपिक गोदी पर्यवेक्षक, रिगर फोरमैन और सामान्य प्रयोजन मजदूरों की सूची अथवा रेकार्ड जिसे स्कीम के तहत रखा जाता है;

(ध) "मासिक श्रमिक" का अर्थ है सूचीबद्ध गोदी प्राप्ति लिपिक और गोदी पर्यवेक्षक जिसे सूचीबद्ध नियोक्ता अथवा ऐसे नियोक्ताओं के एक समूह द्वारा संविदा के तहत मासिक आधार पर लगाया जाता है जिसकी सेवा समाप्त करने के लिए किसी भी पक्ष की ओर से एक माह का नोटिस देना होता है;

(न) "कार्मिक अधिकारी" का अर्थ है बोर्ड द्वारा अनुच्छेद 6 के तहत नियुक्त कार्मिक अधिकारी;

(प) "नियमावली" का अर्थ है गोदी श्रमिक (रोजगार का विनियमन) नियमावली, 1962;

(फ) "पोत" का अर्थ है समुद्रगामी कार्गो पोत अथवा जहाज जिसका ग्रास रजिस्टर्ड टनेज 350 टन से कम नहीं है अथवा लैश बार्जेज लैश जहाज से डिस्चार्ज किए जाते हैं।

(ब) "सप्ताह" का अर्थ है सप्ताह के किसी दिन की मध्य रात्रि से शुरू होकर आगामी उसी दिन की मध्य रात्रि को समाप्त होने वाली अवधि।

4. बोर्ड का गठन :

बोर्ड का गठन गोदी श्रमिक (रोजगार का विनियमन) नियमावली, 1962 के नियम 3 से 7 के अनुसार किया जाएगा।

5. प्रशासनिक निकाय :

(1) केन्द्रीय सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा स्कीम के दिन-प्रति-दिन का प्रशासन चलाने के प्रयोजनार्थ प्रशासनिक निकाय के रूप में मद्रास स्टीवडोर्स एसोसिएशन अथवा कोई अन्य प्राधिकरण नियुक्त कर सकती है।

(2) प्रशासनिक निकाय बोर्ड और अध्यक्ष के पर्यवेक्षण और नियंत्रण में होगा और अनुच्छेद 12 और 45 के उपबन्धों के अनुसार स्कीम के दिन-प्रति-दिन के प्रशासन का कार्य करेगा।

(3) केन्द्र सरकार पर्याप्त कारण होने पर उप खण्ड (1) के तहत नियुक्त किसी प्रशासनिक निकाय को हटा सकती है।

परन्तु कि प्रशासनिक निकाय को तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक उसकी बात सुनने के लिए उसे पर्याप्त अवसर नहीं दिया जाता।

6. कार्मिक अधिकारी, अन्य अधिकारी और स्टाफ-बोर्ड कार्मिक अधिकारी ऐसे, अन्य अधिकारियों और स्टाफ को नियुक्त करेगा और उन्हें वेतन एवं भत्ते देगा तथा सेवा शर्तें निर्धारित करेगा जिन्हें वह उपयुक्त समझे।

परन्तु कि ऐसे किसी पद का सृजन नहीं किया जाएगा जिसका अधिकतम मासिक वेतन भत्तों को छोड़ कर 2000 रु० और अधिक हो और बोर्ड द्वारा केन्द्र सरकार की पूर्व स्वीकृति प्राप्त किए बिना ऐसे पद पर नियुक्ति नहीं की जाएगी।

इसके अलावा यह भी शर्त है कि अवकाश रिक्ति पर किसी नियुक्ति जो 3 माह से अधिक की अवधि की न हो, उसके लिए केन्द्र सरकार की संस्वीकृति आवश्यक नहीं होगी।

7. बोर्ड के कार्य :—(1) बोर्ड स्कीम के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए ऐसे उपाय करेगा जिन्हें वह वांछनीय समझे जिनमें निम्नलिखित बातों के लिए उपाय करने शामिल है :—

(क) सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिकों अर्थात गोदी प्राप्ति लिपिक पर्यवेक्षण श्रमिको, रिगर फोरमैन और सामान्य प्रयोजन मजदूरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करेगी ताकि इन श्रमिकों को पूरा और समुचित उपयोग हो सके और कुशल कार्यकरण के लिए समुचित पर्यवेक्षण और सही प्रलेखन हो सके और जहाजों का तेजी से और किफायती ढंग से टर्न राउन्ड सुकर हो सके तथा पत्तन के माध्यम से माल का तेजी से ट्रांजिट हो सके ;

(ख) विभिन्न श्रेणियों के तहत सूचीबद्ध किए जाने वाले श्रमिकों अर्थात मासिक श्रमिकों और सामान्य पूल श्रमिकों की संख्या केन्द्र सरकार के अनुमोदन से, प्रत्येक श्रेणी के अन्तर्गत अपेक्षित संख्या का निर्धारण करने के बाद नियत करना, बढ़ाना, अथवा घटाना ;

(ग) भर्ती और प्रवेश को विनियमित करना और शिड्यूल 1 में निर्दिष्ट सामान्य पूल श्रमिकों की विभिन्न श्रेणियों का स्कीम से अलग करना और ऐसे श्रमिकों को सूचीबद्ध नियोक्ताओं को आवंटित करना ;

(घ) सूचीबद्ध नियोक्ताओं और सामान्य पूल श्रमिकों की समय-समय पर सूचियों अथवा अभिलेखों में संख्या का निर्धारण करना और समीक्षा करते रहना और ऐसे किसी सूची अथवा अभिलेख में उनकी संख्या में की जाने वाली बढ़ोत्तरी अथवा कमी की समीक्षा करना, यदि उक्त समीक्षा प्रचालनों में बेहतर कार्यकुशलता और किफायत के लिए आवश्यक हो;

(ङ) सूचीबद्ध नियोक्ताओं की सूचियां रखना उनका समायोजन करना और रख-रखाव करना, उनमें किसी सूचीबद्ध नियोक्ता का नाम दर्ज करना अथवा पुनः दर्ज करना और जहां ऐसी परिस्थितियां हों किसी सूचीबद्ध नियोक्ता का नाम या तो उसके अनुरोध पर अथवा स्कीम के उपबन्धों के अनुसार सूची से हटाना;

(च) समय-समय पर सूचीबद्ध पूल श्रमिकों की सूचियां अथवा अभिलेखों को रखना, उनका समायोजन करना और रख-रखाव करना जो भी आवश्यक हो, इसमें ऐसी सूची अथवा सामान्य पूल श्रमिक अभिलेख शामिल है जो गोदी कार्य के लिए अस्थायी तौर पर उपलब्ध न हों और जिनकी अनुपस्थिति प्रशासनिक निकाय द्वारा अनुमोदित कर दी गई हो और जहां परिस्थितियों को ऐसी समीक्षा हो, किसी सामान्य पूल श्रमिक का नाम, या तो उसके अनुरोध पर अथवा स्कीम के उपबन्धों के अनुसार, किसी सूची अथवा अभिलेख से हटाना;

(छ) सभी सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिकों को प्रशासनिक निकाय के परामर्श से बोर्ड द्वारा निर्धारित श्रेणियों में नियत करना और पुनः नियत करना और उसके बाद प्रशासनिक निकाय अथवा सामान्य पूल श्रमिकों के आवेदन पर सामान्य पूल श्रमिकों के समूहीकरण की समीक्षा करना ;

(ज) स्कीम शुरू करने के लिए सूचीबद्ध नियोक्ताओं पर अंशदान लगाना और वसूल करना;

(झ) स्कीम के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रावधान बनाना ;

(ञ) सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिकों की भविष्य निधि, ग्रेच्युटी निधि और सामान्य पूल तथा मासिक श्रमिकों दोनों के लिए विशिष्ट प्रयोजनार्थ सृजित ऐसी ही अन्य निधियों का रख-रखाव करना और सभी सूचीबद्ध नियोक्ताओं से अनुच्छेद 55 के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार निधियों के लिए उनके अंशदान की वसूली करना ;

(ट) विभिन्न श्रेणियों के श्रमिकों की परस्पर परिवर्तनीयता को सुनिश्चित करना और स्कीम की अधिसूचना जारी होने की तारीख को और उसके बाद समय-समय पर उपलब्ध श्रमिक रोजगार के अवसरों के संबंध में श्रमिकों की उपयुक्त भर्ती निर्धारित करना;

(ठ) नए सूचीकरण के समय पैनिंग स्कीम को अधिक से अधिक लचीला बनाकर और यथासंभव श्रमिकों को लगाकर श्रेणियों की संख्या प्रतिबंधित करना;

(द) धन उधार लेना अथवा इकट्ठा करना और डिबेंचर अथवा अन्य प्रतिभूतियां जारी करना और किसी कर्ज अथवा दायित्व को पूरा करने के लिए बोर्ड की संपूर्ण अथवा आंशिक सम्पत्ति को रेहन रखना।

(2) इस स्कीम के तहत सभी स्रोतों से होने वाली बोर्ड की आय और सम्पत्ति स्कीम के उद्देश्यों के लिए ही लगाई जाएगी जिसमें सामान्य पूल श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, प्रशिक्षण और कल्याण संबंधी उपाय शामिल है (इसमें सामान्य पूल श्रमिकों तथा प्रशासनिक निकाय के कर्मचारियों के ही लाभ के लिए बनाई गई कोआपरेटिव सोसायटियों को ऋण देकर अथवा अन्य तरीके से सहायता करना भी शामिल है) और उसके किसी भी अंश का डिविडेंड, बोनस अथवा किसी अन्य तरीके से लाभ देकर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से बोर्ड के सदस्यों को भुगतान अथवा स्थानान्तरण नहीं किया जाएगा:

बशर्ते कि इसमें निहित प्रशासनिक निकाय के किसी अधिकारी अथवा कर्मचारी अथवा बोर्ड के किसी सदस्य द्वारा की गई बोर्ड की वास्तविक सेवाओं के बदले उसे उपयुक्त और समुचित पारिश्रमिक एवं खर्चों के भुगतान पर रोक नहीं होगी और न ही बोर्ड के किसी सदस्य द्वारा उधार दी गई राशि पर उपयुक्त दर पर ब्याज के भुगतान अथवा उसके द्वारा किराए पर दिए गए भवन के लिए उसे उपयुक्त और समुचित किराया लेने और बोर्ड तथा प्रशासनिक निकाय के स्टाफ के लिए किन्हीं कल्याणकारी कामों पर खर्च करने से रोक नहीं होगी।

(3) बोर्ड स्कीम के प्रचालन की लागत और स्कीम के अंतर्गत सभी प्राप्तियों और खर्चों का समुचित लेखा रखेगा और 31 मार्च को समाप्त होने वाले पिछले वर्ष के दौरान स्कीम के कार्यकरण संबंधी एक वार्षिक रिपोर्ट और साथ में परीक्षित तलन-पत्र प्रतिवर्ष 1 अप्रैल के बाद यथाशीघ्र और 31 अक्तूबर तक केन्द्र सरकार को प्रस्तुत करेगा और बोर्ड की बैठकों की कार्यवाहियों की प्रतियां भी प्रस्तुत करेगा।

8. बैठक में बोर्ड के दायित्व और कर्तव्य :

बैठक में बोर्ड नीति संबंधी सभी मामलों के लिए उत्तरदायी होगा और विशेष रूप से :—

(क) केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से—

(i) सूचीबद्ध करने से पहले सूचीबद्ध किए जाने वाले श्रमिकों की संख्या, प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत अपेक्षित संख्या का निर्धारण करने के बाद निश्चित करना,

(ii) सूचियों की आवधिक समीक्षा करने के बाद समय-समय पर यथा आवश्यक सूची में किसी श्रेणी के श्रमिकों की संख्या बढ़ाना अथवा घटाना,

(iii) किसी श्रेणी के श्रमिकों के सूचीबद्ध नियोक्ताओं निर्दिष्ट संख्या को निर्दिष्ट अवधि के लिए निर्दिष्ट शर्तों के अंतर्गत अस्थायी सूचीकरण को स्वीकृति देना।

(ख) अध्यक्ष की सिफारिश पर नए नियोक्ताओं को सूचीबद्ध करने पर विचार करना;

(ग) स्कीम के तहत अपेक्षित प्रपत्रों, अभिलेखों, रजिस्टरों विवरणों और ऐसी ही अन्य चीजें निर्धारित करना ;

(घ) मजदूरी, भत्ते, छुट्टी नियम तथा अन्य सेवा सूचीबद्ध श्रमिकों की शर्तें निर्धारित करना और वार्षिक समीक्षा के बाद एक महीने में गारंटीशुदा मजदूरी का पुनः निर्धारण करना ;

(ङ) स्कीम के खर्च वहन करने के लिए उप अनुच्छेद 34 (1) के अंतर्गत लेवी की दर अथवा अन्य प्रशासनिक प्रभारों की दर आवश्यकतानुसार निर्धारित करना ;

(च) अनुच्छेद 35 के तहत समितियां नियुक्त करना, समाप्त करना अथवा इन्हें पुनर्गठित करना ;

(छ) वार्षिक बजट को संस्वीकृत करना ;

(ज) जहां आवश्यक हो कार्मिक अधिकारी और श्रम अधिकारी की नियुक्ति केन्द्र सरकार के अनुमोदन से करना :

(झ) अनुच्छेद 6 के उपबंधों के अनुसार पदों के सृजन को स्वीकृति देना और ऐसे पदों पर नियुक्तियां करना ;

(ञ) शिड्यूल 1 में किसी परिवर्तन के बारे में केन्द्र सरकार को सिफारिशें करना ;

(ट) स्कीम में किसी संशोधन के बारे में केन्द्र सरकार को सिफारिशें करना,

(ठ) जिन मामलों में संबंधित पक्षों द्वारा केन्द्र सरकार से अधिनिर्णय के लिए अनुरोध किया गया हो, उन मामलों में विवाद को निपटाने के लिए प्रयास करना और ऐसे प्रयासों के परिणामों की सूचना उस सरकार को भेजना ;

(ड) ऐसे राष्ट्रीयकृत बैंकों और भारतीय स्टेट बैंक एवं इसके सहयोगी बैंकों में खाते खोलने की स्वीकृति देना जिसके लिए बोर्ड द्वारा निर्देश दिया गया हो और उन व्यक्तियों द्वारा लेखों के संचालन की स्वीकृति देना जिसके लिए समय-समय पर बोर्ड द्वारा निर्देश दिया गए हों ;

(ढ) शिड्यूल 2 में निर्दिष्ट श्रमिकों की विभिन्न श्रेणियों के कर्तव्यों में ऐसे कार्यों को जोड़ना और उनमें फेर बदल करना जिन्हें आवश्यक समझा गया हो ।

9. वार्षिक अनुमान :

(1) अध्यक्ष प्रतिवर्ष फरवरी में समाप्त होने वाली विशेष बैठक में स्कीम के अनुच्छेद 12 के मद (बी) और (आई) के तहत प्रशासनिक निकाय से प्राप्त 1 अप्रैल से शुरू होने वाले वर्ष के वार्षिक बजट को बोर्ड के समक्ष ऐसे ब्यौरों और प्रपत्र में प्रस्तुत करेगा जिसे बोर्ड समय-समय पर निर्धारित करे ।

(2) बोर्ड के समक्ष इस प्रकार प्रस्तुत अनुमान पर बोर्ड इसके प्रस्तुत किए जाने के चार सप्ताह के अंदर विचार

करेगा, उसे बिना बदले अथवा ऐसे फेरे-बदल के साथ जिसे वह उचित समझे, संस्वीकृत करेगा ।

10. अध्यक्ष के दायित्व और कर्तव्य :

(1) अध्यक्ष को स्कीम के दिन-प्रति दिन के प्रशासन से संबंधित सभी मामलों पर पूर्ण प्रशासनिक और कार्यकारी अधिकार होंगे और विशेष रूप में—

(क) यह सुनिश्चित करना कि श्रमिकों की सूचियों के समायोजन के संबंध में बोर्ड के निर्णयों को तेजी से लागू किया जाए,

(ख) (1) प्रशासनिक निकाय के कार्यकरण का पर्यवेक्षण करना और उस पर नियंत्रण करना,

(2) यदि उसे किन्हीं अनियमितताओं का पता चले अथवा उसके ध्यान में लाई जाएं तो उन पर उपयुक्त कार्रवाई करना,

(ग) यह सुनिश्चित करना कि सूचीबद्ध नियोक्ताओं द्वारा उनके काम पर लगाए गए श्रमिकों की पर्याप्त देखभाल की जाती है,

(घ) यह सुनिश्चित करना कि श्रमिकों के स्थानांतरण और पदोन्नति के संबंध में स्कीम के प्रावधानों का पालन किया जाता है,

(ङ) जब भी अपेक्षित हो मेडिकल बोर्ड गठित करना,

(च) यह सुनिश्चित करना कि गोदी नियोक्ताओं को सूचीबद्ध करने के लिए स्कीम में निर्धारित शर्तों का उनके द्वारा पालन किया जाता है,

(छ) यह सुनिश्चित करना कि स्कीम के तहत निर्धारित सभी प्रपत्रों, रजिस्टरों, सूचनाओं और दस्तावेजों का समुचित रख-रखाव किया जाता है,

(ज) ऐसे पदों के सृजन को अनुच्छेद 8 के उप अनुच्छेद (आई) बोर्ड के अधिकारों को प्रभावित किए बिना संस्वीकृति देना जिनका अधिकतम वेतन भत्तों को छोड़कर एक हजार नौ सौ तीस रुपए प्रतिमाह तक हो और ऐसे पदों पर नियुक्तियां करना,

(झ) स्कीम के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों और नियोक्ताओं के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करना,

(ञ) अनुच्छेद 31 के तहत प्रति श्रमिक, प्रति सप्ताह अथवा प्रतिमाह शिफ्टों की अधिकतम संख्या में छूट देना और ऐसे मामलों की सूचना बोर्ड को देना,

(त) जब आवश्यक हो गोदी श्रमिक (रोजगार का विनियमन) नियमावली, 1962 के नियम 5 के तहत केन्द्र सरकार को रिपोर्ट भेजना,

(थ) सूचीबद्ध श्रमिकों के स्थानांतरण को संस्वीकृति देना—

(i) एक सूचीबद्ध नियोक्ता से किसी अन्य के पास,

(ii) सामान्य पूल से सूचीबद्ध नियोक्ता के पास,

(iii) सूचीबद्ध नियोक्ता से पूल में जैसाकि स्कीम में प्रावधान है,

(द) सामान्य पूल श्रमिकों और नियोक्ताओं से प्राप्त अपीलों पर अनुच्छेद 48 अथवा 49 के तहत कार्रवाई करना,

(ध) उपाध्यक्ष के पद पर एक माह से कम की अवधि के लिए अप्रत्याशित रिक्ति को भरना, और इस मामले की सूचना अनुमोदन के लिए केन्द्र सरकार को भेजना,

(न) यह सुनिश्चित करना कि श्रमिकों को अस्थायी रूप से सूचीबद्ध करने के लिए संस्वीकृतियां अविलम्ब प्रदान की जाती है,

(प) यह घोषित करना कि काम "धीमी गति" से हो रहा है और उस पर कार्रवाई करना जैसाकि स्कीम के तहत प्राधिकृत है,

(फ) "आपात स्थिति" घोषित करना और उस पर कार्रवाई करना जैसाकि स्कीम के तहत प्राधिकृत है,

(ब) स्कीम के तहत विशिष्ट रूप से अध्यक्ष में निहित अन्य सभी कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वाह करना ।

2. अध्यक्ष उपर्युक्त में से किसी कार्य और कर्तव्य को लिखित रूप में उप अनुच्छेद (1) के तहत उपाध्यक्ष को सौंप सकता है । सिवाय उनके जो (ज), (न) (द), (प) (फ) और (ब) में उल्लिखित हैं ।

11. उपाध्यक्ष के दायित्व और कर्तव्य :–

उपाध्यक्ष बोर्ड का पूर्णकालिक अधिकारी होगा और अपने कार्यों के निर्वाह में अध्यक्ष की सहायता करेगा और विशेष रूप में—

(क) सूचीबद्ध नियोक्ताओं और सूचीबद्ध श्रमिकों के विरुद्ध अनुच्छेद 43 के तहत अनुमतेय सीमा तक अनुशासन से संबंधित कार्यों का निर्वाह,

(ख) बोर्ड की उस समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य करना जिसका उसे सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया हो,

(ग) अध्यक्ष की अनुपस्थिति में बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करना,

(घ) अनुच्छेद 12 के तहत प्रशासनिक निकाय के कार्यों का निर्वाह करना, यदि उसे अनुच्छेद 5 के तहत ऐसा करने के लिए नियुक्त किया गया हो अथवा अनुच्छेद 5 के तहत कोई प्रशासनिक निकाय न नियुक्त किया गया हो,

(ङ) ऐसे अन्य कार्य करना जो लिखित रूप में अध्यक्ष द्वारा सौंपे गए हों,

(च) ऐसे पदों पर अनुच्छेद 8 के अधीन बोर्ड की शक्तियों को और अनुच्छेद 10 के अधीन अध्यक्ष की शक्तियों को प्रभावित किए बिना नियुक्तियां करना जिनका अधिकतम वेतन भत्तों को छोड़कर प्रतिमाह एक हजार छह सौ तीस रुपए से अधिक न हो ।

12. प्रशासनिक निकाय के कार्य, दायित्व और कर्तव्य :

बोर्ड के कार्यों और अधिकारों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, प्रशासनिक निकाय स्कीम के प्रशासन के लिए उत्तरदायी होंगे और विशेषकर निम्नलिखित बातों के लिए उत्तरदायी होंगे—

(क) नियोक्ताओं की सूची रखना, समायोजित करना और उसका अनुरक्षण करना, उसमें किसी गोदी नियोक्ता का नाम दर्ज करना अथवा पुनः दर्ज करना और जहां परिस्थितियों की ऐसी अपेक्षा हो किसी सूचीबद्ध नियोक्ता का नाम या तो उसके अनुरोध पर अथवा स्कीम के प्रावधान के अनुसार सूची में से हटाना,

(ख) समय-समय पर ऐसे सामान्य पूल श्रमिकों की ऐसी सूचियां अथवा अभिलेख जो भी आवश्यक हों, रखना, समायोजित करना और उनका अनुरक्षण करना, जो भी अस्थायी तौर पर गोदी कार्य के लिए उपलब्ध न हों और जिनकी अनुपस्थिति इसके द्वारा अनुमोदित कर दी गई हो और जहां परिस्थितियों की ऐसी अपेक्षा हो किसी सामान्य पूल श्रमिक का नाम या तो उसके अनुरोध पर अथवा स्कीम के प्रावधानों के अनुसार किसी सूची अथवा अभिलेख में से हटाना और समय-समय पर बोर्ड द्वारा संस्वीकृत सामान्य पूल श्रमिकों की किसी श्रेणी में भर्ती करना, सूचीबद्ध सामान्य पूल के श्रमिकों की नियुक्ति और नियंत्रण जो काम के लिए उपलब्ध हों जबकि स्कीम के अनुसार अन्यथा स्थिति में वे नयुक्त न किए गए हों,

(ग) बोर्ड से प्राप्त निर्देशों के अनुसार सामान्य पूल श्रमिकों का बोर्ड द्वारा निर्धारित समूहों में समूहीकरण अथवा पुनः समूहीकरण करना,

(घ) यदि सामान्य पूल में कार्य के लिए सामान्य पूल श्रमिक उपलब्ध न हों, और अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित किए जाने पर ऐसी अन्य परिस्थितियों में गैर-सूचीबद्ध श्रमिकों का रोजगार प्राधिकृत करना,

(च) काम के लिए उपलब्ध सामान्य पूल में सामान्य पूल श्रमिकों को सूचीबद्ध नियोक्ताओं को आवंटित करना और इस प्रयोजन के लिए—

(1) इसे नियोक्ताओं के लिए एजेंट के रूप में कार्य करने वाला समझा जाएगा,

(2) यह सामान्य पूल में सामान्य पूल श्रमिकों का यथासंभव पूरा-पूरा उपयोग करेगा,

(3) यह कार्य स्थान पर सामान्य पूल श्रमिकों की उपस्थिति का रेकार्ड रखेगा,

(4) सूचीबद्ध श्रमिकों के रोजगार और आय के स्थायी रख-रखाव की व्यवस्था करेगा,

(5) यह पूल में श्रमिकों के वेतन कार्डों में आवश्यक प्रविष्टियां करेगा जैसाकि अनुच्छेद 30 में निर्धारित किया गया है,

(छ) (1) स्कीम के अधीन की गई व्यवस्था के अनुसार सूचीबद्ध नियोक्ताओं से लेवी की वसूली, कल्याण निधि में अंशदान और अन्य दूसरे अंशदान, सूचीबद्ध

(2) सामान्य पूल श्रमिकों से भविष्य निधि के लिए अंशदान का संग्रह करना और श्रमिकों का सामूहिक अंशदान संग्रह करना और सूचीबद्ध नियोक्ताओं से उसके लिए उतना ही अंशदान संग्रह करना,

(3) प्रत्येक श्रमिक का सभी आय का सूचीबद्ध गोदी नियोक्ता के एजेंट के रूप में भुगतान जो नियोक्ता से श्रमिक को देय है और इन श्रमिकों को स्कीम के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड द्वारा देय सभी राशियों का भुगतान,

(4) स्कीम के प्रचालन को लागत सभी प्राप्तियों और खर्चों के समुचित लेखे रखना और बोर्ड को एक वार्षिक रिपोर्ट और परीक्षित तुलन पत्र प्रस्तुत करना,

(ज) (1) प्रतिवर्ष बजट तैयार करना, प्रतिवर्ष 15 फरवरी या उससे पहले उसे बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करना और उसे बोर्ड से अनुमोदित कराना,

(2) सभी सामान्य पूल श्रमिकों का पूर्ण सेवा रेकार्ड रखना,

(3) स्कीम के प्रावधानों के अनुसार समय-समय पर बोर्ड अथवा अध्यक्ष अथवा उपाध्यक्ष द्वारा इसे सौंपे जाने वाले अन्य कार्य ।

13. श्रम अधिकारी :—

जब प्रशासनिक निकाय में सूचीबद्ध गोदी श्रमिकों के नियोक्ता शामिल होते हैं, तो प्रशासनिक निकाय बोर्ड के अनुमोदन से एक श्रम अधिकारी अथवा श्रम अधिकारियों को नियुक्त करेगा। श्रम अधिकारी प्रशासनिक निकाय के पर्यवेक्षण और नियंत्रण में ऐसे कार्यों का निर्वाह करेगा जो उसे स्कीम के प्रावधानों के अनुसार उस निकाय द्वारा सौंपे जाएंगे ।

14. कार्मिक अधिकारी के कार्य :—

कार्मिक अधिकारी सामान्यतः उपाध्यक्ष को अपने कार्यों के निष्पादन में सहायता करेगा और अनुच्छेद 45 के तहत उसमें निहित कार्यों का निर्वाह करेगा ।

15. स्कीम के समुचित कार्यकरण के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी :—

(1) केन्द्र सरकार समय-समय पर अपने विवेक से बोर्ड के अध्यक्ष के परामर्श से एक या अधिक अधिकारियों को नियुक्त कर सकती है और ऐसे अधिकारी अथवा अधिकारियों को ऐसे कार्य सौंप सकती है जिन्हें वह स्कीम के समुचित कार्यकरण के लिए उपयुक्त समझे ।

(2) ऐसे अधिकारी अध्यक्ष के सामान्य पर्यवेक्षण और नियंत्रण में कार्य करेंगे और उन्हें बोर्ड की निधियों से वेतन का भुगतान किया जाएगा । वह अथवा वे केन्द्र सरकार

द्वारा निर्धारित शर्तों पर और निर्धारित अवधि के लिए पदों पर रहेंगे ।

16. सूची आदि का रख-रखाव

(1) बोर्ड नियोक्ताओं की एक सूची होगी ।

(क) प्रारंभिक चरण में नौवहन कंपनियां, अथवा स्टीमर एजेंट अथवा स्टीवडोर अथवा ठेकेदार जो स्कीम के शिड्यूल 1 में निर्दिष्ट श्रमिकों श्रेणियों को रोजगार दे रहे हैं, स्कीम के तहत सूचीकरण के लिए पात्र होंगे ।

(ख) यदि आवश्यक हो तो बाद में भी सूचीकरण इसके द्वारा निर्धारित पद्धति के अनुसार बोर्ड द्वारा किया जाएगा ।

(ग) तथापि, किसी भी हालत में किसी व्यक्ति अथवा फर्म को स्कीम के तहत लगातार सूचीबद्ध नहीं किया जाएगा जब तक कि वह व्यक्ति अथवा फर्म स्कीम शुरू होने की तारीख से 12 महीने के अंदर मद्रास पत्तन न्यास से इस आशय का लाइसेंस प्राप्त नहीं कर लेता ।

यदि ऐसे किसी नियोक्ता को जारी किया गया लाइसेंस किसी कारणवश मद्रास पत्तन न्यास द्वारा नवीकृत नहीं किया जाता तो उसका नाम स्वतः ही नियोक्ताओं की सूची से निलंबित हो जाएगा।

(घ) इस संबंध में बोर्ड द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार बोर्ड मद (क) और (ख) के तहत सूचीबद्ध व्यक्तियों को एक या अधिक समूह बनाने की अनुमति दे सकता है और इस प्रकार बना प्रत्येक समूह केवल मासिक श्रमिकों के रोजगार के लिए केवल एक नियोक्ता ही समझा जाएगा, नियोक्ताओं का ऐसा समूह अथवा ऐसे समूहों को भी पत्तन में सूचीबद्ध गोदी श्रमिकों के नियोक्ता के रूप में कार्य करने के लिए मद्रास पत्तन न्यास से लाइसेंस प्राप्त करना होगा ।

बशर्ते कि बोर्ड को यह अधिकार होगा कि वह केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से ऊपर निर्धारित शर्तों में समय-समय पर यथा आवश्यक फेरबदल अथवा संशोधन कर सकता है।

इसके अलावा यह भी शर्त है कि बोर्ड नियोक्ताओं के किसी समूह को दी गई अनुज्ञप्ति बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट तारीख से रद्द कर सकता है, यदि नियोक्ताओं के समूह को प्रस्ताव के विरोध में दिए गए कारण बताओ नोटिस पर इसके अभ्यावेदनों पर विचार करने के बाद बोर्ड इस बात से संतुष्ट हो कि नियोक्ताओं का समूह ऐसे समूह के निर्माण के लिए निर्धारित शर्तों का आंशिक अथवा पूर्ण रूप से पालन करने में असफल रहा, और उक्त समूह उस तारीख से समाप्त समझा जाएगा।

(2) गोदी प्राप्ति लिपिकों, रिगर फोरमैन पर्यवेक्षकों और सामान्य पूल श्रमिकों की एक सूची होगी। श्रमिकों की सूची बोर्ड द्वारा इस प्रयोजन के लिए निर्धारित प्रपत्र में रखी जाएगी। श्रमिकों का रेकार्ड बोर्ड द्वारा इस प्रकार रखा जाएगा :—

(क) (i) सूची "क" प्राप्ति लिपिक पर्यवेक्षक, सामान्य पूल में शामिल प्राप्ति लिपिक और पर्यवेक्षक के अलावा जिन्हें सूचीबद्ध नियोक्ताओं द्वारा ठेके पर मासिक आधार पर रखा गया हो, और जिन्हें "मासिक श्रमिकों" के रूप में जाना जाता हो, की श्रेणीवार सूची।

जो पर्यवेक्षक और प्राप्ति लिपिक स्कीम शुरू होने के समय मासिक रोजगार में थे उन्हें आयु की जांच, मेडिकल फिटनेस और चरित्र एवं आचरण की पुष्टि करने के बाद इस सूची में शामिल करने की अनुमति दे दी जाएगी।

अध्यक्ष इन श्रेणियों में ऐसे श्रमिकों को विभिन्न नियोक्ताओं को आबंटित कर सकता है जिन्हें सूचीबद्ध नियोक्ताओं द्वारा मासिक रोजगार के लिए नहीं चुना गया हो। इस प्रकार के आबंटन का मानदण्ड मुख्यतः अलग-अलग नियोक्ताओं द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान पत्तन में नौवहन कार्यों की मात्रा होगी।

(ii) सूची "ख" पर्यवेक्षक, गोदी प्राप्ति लिपिक रिगर फोरमैन, और सामान्य प्रयोजन मजदूर जो सामान्य पूल में है और जिन्हें सामान्य पूल श्रमिक कहा जाता है, इन्हें आयु की संवीक्षा, चिकित्सा फिटनेस और चरित्र एवं पूर्वाचरण की पुष्टि के बाद सूची में शामिल करने की अनुमति दी जाएगी।

17. सूचियों में श्रमिकों का वर्गीकरण :

(1) बोर्ड सूचियों में श्रेणियों द्वारा श्रमिकों के वर्गीकरण की व्यवस्था करेगा;

(2) सामान्य पूल श्रमिकों और स्कीम के तहत सूचीबद्ध मासिक श्रमिकों का वर्गीकरण निम्नलिखित में किया जाएगा :

1. पर्यवेक्षक
2. प्राप्ति लिपिक
3. रिगर फोरमैन
4. सामान्य पूल मजदूर

18. सूची "क" से सूची "ख6" में श्रमिकों का अस्थायी स्थानान्तरण ऐसे पर्यवेक्षकों और प्राप्ति लिपिकों को छोड़ कर जो सामान्य पूल के तहत सूचीबद्ध न हों।

पर्यवेक्षक और प्राप्ति लिपिक सामान्यतः मासिक रजिस्टर अर्थात सूची "क" में सूचीबद्ध नियोक्ता के साथ सम्बद्ध होंगे। यदि नियोक्ता का स्टीवडोरिंग कार्य पूरी तरह से बन्द हो जाने अथवा किसी अन्य अप्रत्याशित कारणों से जो अध्यक्ष की पुष्टि में वैध हों, पर्यवेक्षक अथवा प्राप्ति लिपिक की सेवाएं समाप्त की जा रही हों तो उसे अस्थायी तौर पर सामान्य पूल, अर्थात् सूची "ख" में तब तक के लिए रखा जा सकता है जब तक उसे किसी अन्य नियोक्ता को आबंटित न किया जाए।

9. सूची में श्रमिकों की संख्या का निर्धारण :

(1) बोर्ड समुचित जांच करने के बाद और प्रशासनिक निकाय के परामर्श से किसी श्रेणियों के सूचीकरण शुरू किए जाने से पहले श्रेणी में अपेक्षित श्रमिकों की संख्या का निर्धारण करेगा।

(2) इस प्रकार निर्धारित संख्या पर सूचीकरण से पहले केन्द्र सरकार का अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

(3) (क) बोर्ड प्रत्येक श्रेणी में श्रमिकों की संख्या समय-समय पर केन्द्र सरकार के अनुमोदन से निर्धारित करेगा और तदनुसार श्रमिकों की सूचियों को समायोजित करने की व्यवस्था करेगा ;

(ख) बोर्ड के निर्णय के अनुसार प्रशासनिक निकाय यथा सम्भव अविलम्ब श्रमिकों को सूचीबद्ध करने अथवा सूची में से हटाने की व्यवस्था करेगा ;

(ग) सूची से हटाने की प्रक्रिया बोर्ड द्वारा अलग से निर्धारित की जाएगी।

20. मौजूदा और नए श्रमिकों का सूचीकरण :—

(1) उपर्युक्त श्रेणियों में से किसी श्रेणी में श्रमिक को सूचीबद्ध किए जाने से पहले बोर्ड उस श्रेणी में गोदियों में काम कर रहे सभी श्रमिकों में से इस श्रेणी में उपलब्ध श्रमिकों की संभावित संख्या का अनुमान लगाने की दृष्टि से इनकी विस्तृत जांच अर्थात् आय की जांच, मेडिकल फिटनेस और चरित्र एवं आचरण की पुष्टि करेगा।

(2) तथ्य यह है कि पहले से पत्तन में काम कर रहा श्रमिक स्वतः ही सूचीबद्ध किए जाने के लिए पात्र नहीं हो जाता।

(3) अनुच्छेद 17 के अनसार सूचीकरण निम्नलिखित ढंग से किया जाएगा :—

(क) सूची "क"

(i) उन सभी पर्यवेक्षकों, प्राप्ति लिपिकों के नाम जो 11-4-84 को स्टीवडोर नियोक्ताओं की मासिक नियुक्ति में थे, नियोक्तावार, और श्रेणीवार सूची "क" में सीधे शामिल किया जाएगा बशर्ते वे आयु, चिकित्सा फिटनेस और चरित्र एवं पूर्व आचरण की पुष्टि के आधार पर अन्यथा स्थिति में योग्य हो वे लगातार संबंधित नियोक्ताओं की मासिक सूची में शामिल रहेंगे।

(ii) सूची "ख"

कोई श्रमिक जो 11-4-84 को मद्रास स्टीवडोर एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे पूल के तहत पहले से पंजीकृत था उसे आयु की जांच, मेडिकल फिटनेस और चरित्र एवं आचरण की पुष्टि के बाद सूचीकरण के लिए उपयुक्त पाए जाने पर इस स्कीम के तहत सूचीबद्ध हुआ समझा जाएगा। जो श्रमिक उपर्युक्त शर्तों के अन्तर्गत सूचीकरण के लिए उपयुक्त नहीं पाए जाएंगे उन्हें स्कीम के कार्य क्षेत्र से बाहर रखा जाएगा।

(ख) नए सूचीकरण के लिए अर्हता हेतु बोर्ड द्वारा आय का निर्धारण स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रख कर किया जाएगा लेकिन 40 वर्ष से अधिक नहीं होगी, शारीरिक फिटनेस, क्षमता और/अथवा अनुभव को भी ध्यान में रखा जाएगा। सूचीकरण के लिए केवल भारतीय राष्ट्रीक ही पात्र होंगे।

और बशर्ते कि भूतपूर्व सैनिकों और अनसूचित जातियों और अनसूचित जनजातियों के व्यक्तियों को गोदी श्रमिक बोर्ड द्वारा आयु सीमा में छूट देकर 45 वर्ष तक किया जा सकता है।

(ग) किसी नई श्रेणी में श्रमिकों का सूचीकरण इन श्रमिकों में से किया जाएगा जो इस संबंध में बोर्ड द्वारा निर्धारित तारीख को पत्तन में सेवा में थे अथवा सेवा कर रहे हों और सूचीकरण के लिए चयन यथासम्भव वरिष्ठता के आधार पर किया जाएगा जिसे श्रमिक द्वारा उस श्रेणी में की गई सेवा की अवधि द्वारा निर्धारित किया जाएगा और बोर्ड द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। यदि किसी मामले में वरिष्ठता सूची उपलब्ध न हो तो चयन बोर्ड द्वारा निर्धारित अन्य आधार पर किया जाएगा बशर्ते कि श्रमिक मेडिकल की दृष्टि से फिट हो और 58 वर्ष से अधिक आय का न हो।

(4) ऐसी श्रेणियों को सूचीबद्ध करने के संबंध में, जिन्हें स्कीम लागू होने की तारीख के बाद शिड्यूल 1 में शामिल किया गया हो, निम्नलिखित सिद्धांत लागू होंगे :

(क) श्रमिक को किसी भी श्रेणी में सूचीबद्ध किए जाने से पहले बोर्ड पत्तन में काम कर रहे इस श्रेणी के सभी कोनाफाइड श्रमिकों में से उस श्रेणी में अपेक्षित सम्भावित श्रमिकों की संख्या का अनुमान लगाने की दृष्टि से अनुच्छेद 19 के तहत व्यापक जांच करेगा।

(ख) सम्भावित आवश्यकता के आधार पर अनन्तिम सूचीकरण किया जाएगा और तथ्य यह है कि श्रमिक का पत्तन में पहले से कार्यरत होना इसे स्वतः सूचीकरण के लिए पात्र नहीं बनाएगा।

(ग) अनन्तिम सूचीकरण का काम पूरा होने के बाद बारी-बारी से बुकिंग शुरू कर दी जाएगी जिसमें उन्हें, उस स्तर पर, मजदूरी के अलावा अन्य वित्तीय लाभ नहीं दिए जाएंगे जो स्कीम के तहत सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिकों को दिए जाते हैं।

(घ) छह महीने के बाद अनन्तिम रूप से सूचीबद्ध किए गए श्रमिकों को मिले वास्तविक रोजगार को देखते हुए आवश्यकता का पुनः मूल्यांकन किया जाएगा और तदनुसार अनन्तिम सूचीकरण को समायोजित किया जाएगा। अनुच्छेद 33 के तहत उपस्थिति भत्ते का भुगतान उसी समय से शुरू होगा।

(ङ) बारी-बारी से बुकिंग शुरू किए जाने के एक वर्ष के बाद इन परिस्थितियों में कार्यकरण की जांच की जाएगी ताकि उतने दिनों की संख्या निर्धारित की जा सके जिनके लिए अनुच्छेद 32 के तहत गारंटीशुदा न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाना चाहिए। तब से आगे श्रमिक स्कीम के तहत सभी लाभ प्राप्त करने के हकदार हो जाएंगे।

(थ) पहले पंजीकृत श्रमिकों की श्रेणियों के लिए न्यूनतम दिनों की संख्या जिसके लिए अनुच्छेद 32 के तहत मजदूरी की गारण्टी दी गई है, इसका स्कीम के शुरू होने की तारीख के बाद सूचीबद्ध होने वाली श्रेणियों द्वारा स्वतः प्राप्त करने का दावा नहीं किया जा सकेगा। ऐसे न्यूनतम दिनों की संख्या हरेक श्रेणी में अलग-अलग हो सकती है जैसा उपर्युक्त (ङ) के अन्तर्गत निर्धारित किया गया है।

(छ) श्रमिकों की ऐसी श्रेणियों, जिन्हें स्कीम शुरू होने की तारीख के बाद सूचीबद्ध किया गया हो इनकी मजदूरी वही होगी जिसे बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाएगा।

5. बोर्ड समय-समय पर अस्थायी तौर पर श्रमिकों को उन अवधियों के लिए और उन सेवा शर्तों पर सूचीबद्ध करने की अनुमति दे सकता है, जिन्हें बोर्ड निर्धारित करे।

बशर्ते कि अस्थायी तौर पर सूचीबद्ध किए गए श्रमिक अनुच्छेद 32 के तहत उपस्थिति भत्ता प्राप्त करने के हकदार होंगे और उनके दायित्व वही होंगे जो पूल में गोदी सामान्य पूल श्रमिकों के हैं।

(6) स्कीम के तहत जिस श्रेणी में गोदी सामान्य पूल श्रमिक पहले से सूचीबद्ध है, उस श्रेणी में अस्थायी अथवा स्थायी आधार पर नई भर्ती रोजगार कार्यालय में पंजीकृत श्रमिकों में से की जाएगी। तथापि यदि, मांग-पत्र भेजने की तारीख को रोजगार कार्यालय की पंजी में उपलब्ध उपयुक्त आदमियों से आवश्यकता अधिक आदमियों की हो तो रोजगार कार्यालय को पंजी से उपयुक्त आदमी लेने के बाद सीधी भर्ती की जा सकती है।

(7) उप अनुच्छेद (3) की मद (ग) के तहत सूचीबद्ध किए गए नए श्रमिकों को सूची में स्थायी आधार पर रखे जाने से पहले छह माह की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जाएगा।

(8) स्कीम के किसी अन्य प्रावधानों के बावजूद, जहां बोर्ड की यह राय हो कि किसी सामान्य पूल श्रमिक ने अपने आवेदन-पत्र में गलत सूचना देकर अथवा उसमें अपेक्षित कोई सूचना छिपा कर अपना सूचीकरण करा लिया हो, अथवा जहां यह पता चले कि किसी श्रमिक को अवैध या गलत ढंग से सूचीबद्ध किया गया है, तो बोर्ड बैठक में उसका नाम सूचियों से हटाने का निर्देश दे सकता है।

बशर्ते कि ऐसा कोई निर्देश देने से पहले बोर्ड उसे इस बात के लिए कारण बताने का अवसर देगा कि प्रस्तावित निर्देश क्यों नहीं जारी किया जाना चाहिए।

21. सेवा निवृत्ति की आयु : स्कीम के तहत सभी सूचीबद्ध श्रमिकों की सेवानिवृत्ति की आयु 58 वर्ष होगी।

22. श्रमिकों का रोजगार, पदोन्नति, और स्थानान्तरण : पूल के किसी वर्ग या श्रमिकों में आकस्मिक रिक्ति से भिन्न अन्य किसी रिक्ति को सामान्यतः अगले निम्न वर्ग के श्रमिक की पदोन्नति द्वारा भरी जाएगी।

(2) मासिक श्रमिकों के किसी वर्ग में आकस्मिक रिक्ति से भिन्न अन्य किसी रिक्ति को उसी नियोक्ता या नियोक्ता-समूह के मासिक श्रमिकों के निम्न वर्ग से केवल पदोन्नति द्वारा या उसी नियोक्ता या नियोक्ता-समूह के मासिक श्रमिकों के निम्न वर्ग से पदोन्नति के लिए उपयुक्त व्यक्ति नहीं है तो पूल से उसी या किसी वर्ग के श्रमिक, जिसे सूचीबद्ध नियोक्ता या नियोक्ता-समूह द्वारा चुना जाएगा, के स्थानांतरण द्वारा भरा जाएगा।

स्पष्टीकरण—पदोन्नति के मानदण्ड सामान्यतः निम्नलिखित होंगे :—

(क) वरिष्ठता;

(ख) वर्ग में कार्य—जिसके लिए पदोन्नति की जानी है, की मैरिट और फिटनेस; और

(ग) पिछली सेवा का रिकार्ड।

टिप्पणी—एक ही वर्ग में सूची "क" से सूची "ख" में या इसके विपरीत क्रम में स्थानांतरण को पदोन्नति नहीं माना जाएगा।

(3) अध्यक्ष या उपाध्यक्ष, पर्याप्त एवं वैध कारणों से किसी मासिक श्रमिक के सामान्य पूल में स्थानांतरण की, स्थानांतरण के कारणों के पूरे विवरण देते हुए नियोक्ता या श्रमिक द्वारा लिखित रूप से अनुरोध करने पर अनुमति देगा बशर्ते कि ऐसा स्थानांतरण, रोजगार समाप्त करने के संबंध में मासिक श्रमिक और उसके नियोक्ता के बीच हुए किसी कांट्रैक्ट को पूरा करने की शर्त पर होगा। कोई भी स्थानांतरण अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा।

(4) यदि किसी नियोक्ता द्वारा अनुशासनहीनता या कदाचार के कार्य के लिए किसी मासिक श्रमिक की सेवाएं समाप्त कर दी जाती हैं, तो वह जनरल पूल में रोजगार के लिए बोर्ड को आवेदन करेगा। तब उपाध्यक्ष, बोर्ड की तरफ से मैरिट के मामले पर विचार करेंगे कि श्रमिक को रोजगार पर रखा जाए अथवा नहीं और यदि हां तो उसे उसी वर्ग में रखा जाए अथवा किसी निम्न वर्ग में।

(5) यदि किसी मासिक श्रमिक का सब क्लाज (3) या सब क्लाज (4) के अंतर्गत जनरल पूल में स्थानांतरण किया जाता है या रोजगार दिया जाता है—जैसी भी स्थिति हो, उसकी पिछली सेवाओं को जनरल पूल में सभी लाभों के लिए गिना जाएगा और नियोक्ता यदि ऐसी सेवा का स्थानांतरण नहीं किया जाता तो उसकी पिछली सेवाओं के संबंध में श्रमिक को मिलने वाले सभी लाभ बोर्ड को स्थानांतरित करेगा। नियोक्ता विशेष रूप से ऐसे स्थानांतरण की तारीख को श्रमिक के बकाया अवकाश, भविष्य निधि या उपदान के संबंध में बोर्ड को उस राशि का अंशदान करेगा जो समुचित होगी।

23. मेडिकल परीक्षा :

1. (क) सूचीबद्ध किए जाने से पहले सभी श्रमिकों को शारीरिक फिटनेस के लिए अध्यक्ष द्वारा इस प्रयोजन के लिए मनोनीत मेडिकल अधिकारी द्वारा निःशुल्क मेडिकल परीक्षा की जाएगी।

(ङ) मेडिकल अधिकारी द्वारा यदि कोई श्रमिक मेडिकली अनफिट पाया जाता है तो वह लिखित रूप में अध्यक्ष को मेडिल बोर्ड द्वारा मेडिकल परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस प्रकार का अनुरोध प्राप्त होने पर अध्यक्ष एक मेडिकल बोर्ड गठित करेगा।

(च) मेडिकल बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और कोई श्रमिक जो मेडिकली अनफिट होगा, सूचीकरण के लिए पात्र नहीं होगा।

(2) यदि नियोक्ता यह आवश्यक समझे तो कोई श्रमिक अध्यक्ष द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा निःशुल्क मेडिकल परीक्षा के लिए जाएगा। नियोक्ता को अध्यक्ष के अनुमोदन से यह अधिकार होगा कि वह मैडिकल बोर्ड द्वारा अनफिट पाए गए श्रमिक की सेवाएं समाप्त कर दे। मेडिकल बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

24. प्रशिक्षण के लिए सुविधाएं :

बोर्ड उपर्युक्त सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिकों के ऐसे कार्यों में प्रशिक्षण के लिए जिसे वह आवश्यक समझे प्रावधान करेगा।

25. सूचीकरण शुल्क :

(क) स्कीम के तहत सूचीकरण के समय प्रत्येक श्रमिक द्वारा बोर्ड को दस रुपए का सूचीकरण शुल्क देना होगा।

(ख) प्रत्येक नियोक्ता स्कीम के तहत सूचीकरण के समय पांच सौ रुपए का सूचीकरण शुल्क का भुगतान करेगा।

26. कार्डों की आपूर्ति

प्रत्येक सामान्य पूल श्रमिक को सूचीबद्ध किए जाने के समय बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों में निम्नलिखित कार्ड निःशुल्क दिए जाएंगे अर्थात् :—

(1) पहचान कार्ड और

(2) वेतन कार्ड।

कार्ड खो जाने पर नया कार्ड जारी किया जाएगा और उसकी लागत, जिसे बोर्ड द्वारा नियत किया जाएगा, संबंधित श्रमिक द्वारा अदा की जाएगी। कार्ड खो जाने के ऐसे सभी मामलों में श्रमिक को कार्ड खो जाने की सूचना पुलिस तथा प्रशासनिक निकाय के पास तत्काल दर्ज करानी चाहिए।

27. सामान्य पूल श्रमिकों के लिए "सेवा रेकार्ड" :

प्रत्येक मासिक श्रमिक का एक "सेवा रिकार्ड" सभी सूचीबद्ध नियोक्ताओं द्वारा बोर्ड द्वारा निर्धारित पत्र में रखा जाएगा, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ पदोन्नति का पूरा रिकार्ड अच्छे काम की सिफारिशें, श्रमिक के विरुद्ध की गई अनुशासनिक कार्रवाई, इत्यादि का रिकार्ड रखा जाएगा। सामान्य पूल श्रमिकों के संबंध में ऐसे ही रिकार्ड प्रशासनिक निकाय द्वारा रखे जाएंगे।

28. सूचीबद्ध गोदी नियोक्ताओं के लिए "रिकार्ड शीट" :

प्रशासनिक निकाय प्रत्येक सूचीबद्ध नियोक्ता के संबंध में बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र में रिकार्ड रखेगा, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ सूचीबद्ध गोदी नियोक्ताओं के विरुद्ध की गई अनुशासनिक कार्रवाई का पूरा रिकार्ड रखा जाएगा।

29. कार्ड का लौटाया जाना

(1) सामान्य पूल श्रमिक का कार्ड निम्नलिखित परिस्थितियों में प्रशासनिक निकाय को लौटा दिया जाएगा अर्थात् :—

(क) जब तीन दिन या अधिक की छुट्टी पर जाए,

(ख) जब सेवा से सेवानिवृत्त हो,

(ग) जब सेवा से बर्खास्त किया जाए,

(घ) जब अस्थायी तौर पर निलंबित किया जाए,

(ङ) मृत्यु होने पर।

बशर्ते कि उपर्युक्त में से किसी भी परिस्थितियों में मासिक श्रमिक का सेवा रिकार्ड प्रशासनिक निकाय को लौटाएगा।

30. वेतन कार्ड में प्रविष्टियां :

एक सामान्य पूल श्रमिक को काम के लिए किसी सूचीबद्ध नियोक्ता को आबंटित किए जाने के समय वह अपना वेतन कार्ड प्रशासनिक निकाय को सौंप देगा, यदि कोई कार्ड पहले ही प्रशासनिक निकाय के पास जमा न कराया गया हो और उसे सामान्य पूल श्रमिक को वापस न लौटाया गया हो।

प्रशासनिक निकाय श्रमिक द्वारा किए गए काम की अवधि के संबंध में वेतन कार्ड में आवश्यक प्रविष्टियां करेगा और उसे प्रविष्टियां किए जाने के तुरंत बाद श्रमिक को लौटा देगा।

(2) मासिक श्रमिक जहाज पर उसे काम आबंटित किए जाने के समय अपना वेतन कार्ड अपने नियोक्ता को सौंप देगा, यदि कोई कार्ड पहले ही नियोक्ता के पास जमा न कराया गया हो और उसे श्रमिक को न लौटाया गया हो।

उक्त नियोक्ता श्रमिक द्वारा किए गए काम की अवधि के संबंध में कार्डों में आवश्यक प्रविष्टियां करेगा और उन्हें प्रविष्टियां करने के तुरंत बाद उसे लौटा देगा।

31. शिफ्टों में रोजगार :

(1) श्रमिकों को शिफ्टों में लगाया जाएगा।

(2) (क) एक श्रमिक सामान्यतः दो लगातार शिफ्टों में नहीं लगाया जाएगा और न ही किसी श्रमिक को लगातार दो दिन प्रत्येक दिन लगातार दो शिफ्टों में नहीं लगाया जाएगा। किसी भी हालत में किसी श्रमिक को लगातार तीन शिफ्टों में नहीं लगाया जाएगा।

(ख) किसी सामान्य पूल (सूची "ख") का श्रमिक को एक सप्ताह में 9 शिफ्टों अथवा एक माह में 33 शिफ्टों से अधिक नहीं लगाया जाएगा ।

(ग) सामान्यतः एक मासिक श्रमिक को एक सप्ताह में 6 शिफ्टों अथवा महीने में 27 शिफ्टों से अधिक के लिए नहीं लगाया जाएगा, लेकिन जब सूची "ख" का कोई श्रमिक जो ऊपर मद (ख) में परिभाषित रोजगार की अधिकतम सीमा तक न पहुंचा हो, उपलब्ध न हो तो एक मासिक श्रमिक को एक सप्ताह में 9 शिफ्टों तक अथवा एक महीने में 33 शिफ्टों तक लगाया जा सकता है ।

(घ) विशेष परिस्थितियों में, अध्यक्ष अस्थायी तौर मद (ख) और (ग) के प्रतिबंधों में आवश्यक सीमा तक छूट दे सकता है ।

(ङ) एक दिन में एक से अधिक शिफ्ट में काम करने वाले श्रमिक प्रत्येक शिफ्ट में काम के लिए सामान्य दर पर वेतन पाने के हकदार होंगे ।

(3) सामान्य पूल में प्रत्येक श्रेणी के श्रमिकों को सामान्यतः बारी-बारी से ही काम आवंटित किया जाएगा । तथापि बैठक में बोर्ड बुकिंग की अन्य पद्धति निर्धारित कर सकता है जिसे वह काम के कुशल निष्पादन के लिए आवश्यक समझे ।

32. एक माह में गारंटीशुदा न्यूनतम वेतन :

(1) सूची "ख" में एक सामान्य पूल श्रमिक को स्कीम के शुरू होने पर एक माह में वेतन दर पर कम से कम 12 दिन का वेतन दिया जाएगा जिसमें बोर्ड द्वारा निर्धारित महंगाई भत्ता शामिल होगा जो उस श्रेणी के लिए उपयुक्त होगा जिससे वह स्थायी रूप से संबंधित है ।

(2) उप अनुच्छेद (1) के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष किसी सामान्य पूल श्रमिक की न्यूनतम दिनों की संख्या निर्धारित की जा सकती है जिसके लिए वेतन की गारंटी दी गई है, जो पिछले वर्ष के दौरान सामान्य पूल में निम्नतम श्रेणी के श्रमिकों द्वारा प्राप्त मासिक औसत रोजगार के आधार पर निर्धारित किया जाएगा, ताकि न्यूनतम दिनों की संख्या 21 पर पहुंच जाए ।

टिप्पणी :—औसत रोजगार की गणना करने की पद्धति का उद्धरण शिड्यूल III में विस्तार से दिया गया है।

(3) श्रमिक को जिन दिनों काम दिया जाएगा उन दिनों गारंटीशुदा न्यूनतम दिनों में जोड़ा जाएगा, जिसके लिए वेतन का भुगतान किया जाएगा । एक माह में गारंटीशुदा न्यूनतम वेतन इस प्रकार होगा :—

(क) जितने दिनों के लिए एक माह में वेतन की गारंटी दी गई है, बशर्ते कि श्रमिक ने प्रशासनिक निकाय द्वारा दिए गए निर्देश पर महीने में सभी दिन काम किया हो और प्रशासनिक निकाय के कहने पर एक दिन में एक अतिरिक्त शिफ्ट में भी काम किया हो, अथवा

(ख) जिन दिनों में श्रमिकों ने काम किया हो उतने दिनों की अनुपातिक संख्या, बशर्ते कि उसे महीने के शेष सभी दिनों में काम पर आने से छूट दी गई हो।

(4) इस अनुच्छेद के प्रयोजनार्थ :

(क) भुगतान की जाने वाली वेतनदर में महंगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते शामिल होंगे जिसे बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाएगा और जो उस श्रेणी के अनुरूप होगा जिससे श्रमिक यदि स्थायी रूप से अथवा अस्थायी रूप से एक माह या अधिक अवधि के लिए संबंधित रहा हो,

(ख) एक दिन में काम की अतिरिक्त शिफ्ट अथवा शिफ्टों को दिन के रूप में अलग से नहीं जोड़ा जाएगा,

(ग) अपनी साप्ताहिक छुट्टी के दिन कोई श्रमिक तब तक उपस्थित समझा जाएगा जब तक उस दिन प्रशासनिक निकाय द्वारा उसे काम के लिए विशिष्ट रूप से बुक न किया गया हो और वह उपस्थित होने में असमर्थ न रहा हो ।

(5) ऐसे सभी श्रमिक जिनके नाम मूलतः सूची "ख" में दर्ज हैं, जब यह स्कीम लागू हो जाएगी, तो वे लगातार न्यूनतम गारंटीशुदा वेतन पाने के हकदार बने रहेंगे जो वे अपने सूचीबद्ध होने से पहले प्राप्त कर रहे थे । ऐसे सभी श्रमिक, जिनके नाम इस सूची में बाद में दर्ज किए गए हों, उप अनुच्छेद (2) से अभिशासित होंगे ।

टिप्पणी :—इस अनुच्छेद के प्रयोजनार्थ शब्द "श्रेणी" जहां कहीं भी आता है, उसमें यह समझा जाएगा कि उसमें अनुच्छेद 17 के तहत बोर्ड द्वारा बनाई गई उप श्रेणियों का सभी वर्गीकरण शामिल है ।

33. उपस्थिति भत्ता :—स्कीम के प्रावधानों के अनुसार, सामान्य पूल रजिस्टर का कोई श्रमिक जो काम के लिए उपलब्ध हो, लेकिन उसके लिए कोई काम न हो, तो उसे उपस्थिति भत्ता, जिसमें महंगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते शामिल नहीं होंगे, उतने दिनों के लिए एक रुपया प्रति दिन की दर से दिया जाएगा जितने दिन वेतन अवधि (माह) के दौरान वह प्रशासनिक निकाय निर्देश पर काम के लिए उपस्थित हुआ हो और उसके लिए कोई काम न रहा हो ।

बशर्ते कि बोर्ड समय-समय पर उपस्थिति भत्ते के भुगतान, जिसमें महंगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते शामिल न हों, की उच्च दर पर अनुमति दे सकता है जो दो रुपए प्रतिदिन से अधिक नहीं होगी, जिसे वह आवश्यक समझे ।

इसके अलावा यह भी शर्त है कि ऐसे किसी दिन का उपस्थिति भत्ता नहीं दिया जाएगा जिसके लिए अनुच्छेद 32 और 35 के अंतर्गत भत्तों सहित वेतन का भुगतान किया गया हो ।

34. एक शिफ्ट के लिए रोजगार :—सामान्य पूल में किसी भी श्रमिक को एक शिफ्ट से कम की अवधि के लिए नहीं लगाया जाएगा और जहां काम, जिसके लिए श्रमिक लगाया गया हो, शिफ्ट की कार्य अवधि के दौरान पूरा हो जाता है, तो शेष अवधि के लिए उसे उसी नियोक्ता द्वारा उसी अथवा अन्य पोत पर अथवा बर्थ पर, जो भी आवश्यक हो, काम करने के लिए लगाया जाएगा ।

35. वेतन का भुगतान जब काम पर लगाए जाने के बाद काम उपलब्ध न हो :—

जब सामान्य पूल का श्रमिक काम के लिए उपस्थित होता है और किसी कारणवश वह काम, जिसके लिए वह उपस्थित होता है, शुरू अथवा आगे नहीं बढ़ाया जा सकता और नियोक्ता द्वारा उसके लिए कोई वैकल्पिक काम न दिया जा सके तो उसे उक्त नियोक्ता द्वारा लौटाया जा सकता है और उसे काम पर आने के दो घंटे के अंदर प्रशासनिक निकाय के निर्देश पर पत्तन में किसी भी स्थान पर वापस भेजा जा सकता है। श्रमिक प्रशासनिक निकाय द्वारा निर्देशित स्थान पर पूरी शिफ्ट तक प्रतीक्षा करेगा और उसी शिफ्ट में कोई अन्य काम करेगा, जो उसे प्रशासनिक निकाय द्वारा दिया जाएगा। यदि उसे कोई काम नहीं दिया जाता तो वह महंगाई भत्ता तथा अन्य भत्तों सहित पूर्णकालिक दर पर वेतन के आधार पर निराश राशि (डिसएपॉइंटमेंट मनी) प्राप्त करने का हकदार होगा । जब उसे काम दिया जाता है तो वह किए गए काम के लिए पीसरेट वेतन पाने का हकदार होगा और शिफ्ट की शेष अवधि के लिए आनुपातिक मूल वेतन और भत्ते पाने का हकदार होगा ।

36. छुट्टियां :—प्रत्येक सामान्य पूल श्रमिक एक वर्ष में 8 सवेतन छुट्टियों का हकदार होगा इसमें वे सभी दिन (जो वर्ष में 6 दिन से अधिक नहीं होंगे) जिन्हें बोर्ड द्वारा बन्द छुट्टियों के रूप में घोषित किया गया है, शामिल होंगे । ऐसी छुट्टियों का भुगतान बोर्ड द्वारा अनुच्छेद 42 के तहत निर्धारित ढंग से किया जाएगा और इसमें अनुच्छेद 32 के तहत परिकलित भुगतानों के अलावा होगा ।

37. समितियां : (1) बोर्ड एक या अधिक समितियां नियुक्ति कर सकता है जिन्हें वह ऐसे काम सौंप सकता है जिन्हें वह स्कीम के प्रावधानों के अनुपालन को सुकर बनाने के लिए आवश्यक समझे और वह उन्हें समाप्त अथवा पुनर्गठित कर सकता है, वह जो भी आवश्यक समझे ।

(2) जो व्यक्ति बोर्ड के सदस्य नहीं है, यदि आवश्यक हो, तो उन्हें समिति के सहयोजित सदस्यों के रूप में मनोनीत किया जा सकता है, तथापि, ऐसे सहयोजित सदस्यों को वोट देने का कोई अधिकार नहीं होगा ।

38. सामान्य पूल श्रमिकों के दायित्व :—(1) प्रत्येक श्रमिक ने स्कीम के दायित्वों को स्वीकार कर लिया है, ऐसा समझा जाएगा ।

(2) सामान्य पूल में सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक, जो काम के लिए उपलब्ध है, उसे बोर्ड के रोजगार में समझा जाएगा ।

(3) सामान्य पूल में सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक, जो काम के लिए उपलब्ध है, वह स्वयं को तब तक किसी सूचीबद्ध नियोक्ता के अधीन रोजगार के लिए नहीं लगाएगा, जब तक उसे प्रशासनिक निकाय द्वारा उस नियोक्ता को आबंटित नहीं किया जाता ।

(4) सामान्य पूल में एक सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक, जो काम के लिए उपलब्ध है, वह प्रशासनिक निकाय के निर्देशों का पालन करेगा और

(क) प्रशासनिक निकाय द्वारा निर्दिष्ट कार्य स्थलों और समय पर रिपोर्ट करेगा और उन कार्यस्थलों पर मौजूद रहेगा,

(i) यदि इस आशय का निर्देश प्रशासनिक निकाय द्वारा दिया गया हो तो वह शिफ्ट की पूरी अवधि बोर्ड द्वारा निर्धारित रिटेंशन भत्ते पर वहां रहेगा, अथवा

(ii) यह अवधि यथा निर्दिष्ट एक घंटे से अधिक नहीं होगी,

(ख) वह किसी भी सूचीबद्ध नियोक्ता की मासिक सूची में, जिसके पास अध्यक्ष द्वारा उसे आबंटित किया गया हो, स्थानांतरण के लिए सहमत रहेगा और

(ग) वह गोदी काम के सिलसिले में कोई काम स्वीकार करेगा चाहे वह उसी श्रेणी का हो जिसमें वह सूचीबद्ध किया गया है अथवा किसी अन्य श्रेणी का काम हो जिसके लिए उसे प्रशासनिक निकाय द्वारा उपयुक्त समझा गया हो ।

(5) एक सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक, जो काम के लिए उपलब्ध हो, तो जब उसे प्रशासनिक निकाय द्वारा किसी सूचीबद्ध नियोक्ता द्वारा काम के लिए आबंटित किया जाए तो वह सूचीबद्ध नियोक्त अथवा उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि के निर्देशानुसार और पत्तन के नियमों अथवा काम के स्थान के नियमों के अनुसार काम करेगा ।

(6) सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक स्कीम के शुरू होने की तारीख से 5 वर्षों की अवधि तक ऐसी मांगें नहीं करेगा जो अतिरिक्त विवक्षा रखती हों । स्कीम के शुरू होने से पूर्व मैनिंग स्केल और गैंगस को लगाने में लचीलेपन की प्रक्रिया उसे मान्य होगी ।

(39) सूचीबद्ध नियोक्ताओं के दायित्व :

(1) प्रत्येक सूचीबद्ध नियोक्ता स्कीम के दायित्वों को स्वीकार करेगा ।

(2) अनुच्छेद 40(1) के प्रावधानों और अनुच्छेद 40 (2) में दी गई छूट के अनुसार कोई सूचीबद्ध नियोक्ता अनुच्छेद 12(घ) के प्रावधानों के अनुसार सामान्य पूल श्रमिक जिसे प्रशासनिक निकाय द्वारा आबंटित किया गया हो, किसी अन्य श्रमिक को नहीं लगाएगा,

(3) सूचीबद्ध नियोक्ता प्रशासनिक निकाय द्वारा की गई व्यवस्थाओं के अनुसार अपनी मौजूदा और भावी श्रमिक आवश्यकताओं के बारे में उपलब्ध सभी सूचना प्रस्तुत करेगा ।

(4) सूचीबद्ध नियोक्ता प्रशासनिक निकाय को अपने द्वारा लगाए गए सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिकों के बारे में ऐसे आंकड़े और सूचना देगा, जो प्रशासनिक निकाय द्वारा समय समय पर अपेक्षित हो।

5(i) सूचीबद्ध नियोक्ता प्रशासनिक निकाय को अनुच्छेद 54(i) के तहत देय लेवी तथा अन्य प्रशासनिक प्रभारों का तथा दैनिक श्रमिकों को देय कुल वेतन का ऐसे ढंग से और उस समय भुगतान करेगा जिस तरह बोर्ड द्वारा निर्देश दिया गया हो।

(ii)(क) सूचीबद्ध नियोक्ता मासिक श्रमिकों के वेतन से काट गए मासिक भविष्य निधि अंशदान और सूचीबद्ध नियोक्ता द्वारा किए जाने वाले तत्सम्बंधी अंशदान की राशि, भविष्य निधि ऋण की अदायगी और भविष्य निधि ऋण पर ब्याज की राशि वसूल किए जाने के 15 दिनों के अन्दर बोर्ड को भुगतान करेगा।

(ख) मासिक श्रमिकों का भविष्य निधि खाता रखने पर होने वाला खर्च सूचीबद्ध नियोक्ताओं द्वारा बोर्ड को किए जाने वाले भुगतान में से ऐसे ढंग से और उस आधार पर अदा की जाएगी जिसे बोर्ड द्वारा समय समय पर निर्धारित किया जाए।

(6) सूचीबद्ध नियोक्ता ऐसे अभिलेख रखेगा जो बोर्ड द्वारा अपेक्षित हों और उन्हे उपयुक्त नोटिस पर ऐसे सभी अभिलेख और कोई अन्य दस्तावेज जो सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिकों और उनके काम जिन पर उन्हें लगाया गया है, से सम्बधित हैं। बोर्ड अथवा ऐसे व्यक्तियों के समक्ष प्रस्तुत करेगा जिन्हें बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किया गया हो और ऐसी सूचना प्रस्तुत करेगा जो उनसे सम्बधित हो और जिसे बोर्ड द्वारा अथवा बोर्ड की ओर से जारी किसी नोटिस अथवा निर्देशों में निर्दिष्ट किया गया हो।

7(i) सूचीबद्ध नियोक्ता अर्थात स्टीवडोर नियोक्ता अथवा ठेकेदार अथवा ऐसे नियोक्ताओं के समूह को केवल सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिकों का ही उपयोग करने की अनुमति है जिसका प्रावधान जहाज मालिकों, नौवहन एजेंटों अथवा नौवहन कम्पनियों के साथ सीधे स्टीवडोरिंग करार के तहत है।

(ii) बोर्ड किसी भी समय किसी भी नियोक्ता से किसी जहाज पर काम से सम्बधित करार अथवा दस्तावेज जांच के प्रयोजनार्थ प्रस्तुत करने की मांग कर सकता है।

(iii) सूचीबद्ध नियोक्ता सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक को सामान्यतः और वास्तविक देय राशि, जो श्रमिक को देय है, से अधिक का नकद अथवा अन्य रूप में भुगतान नहीं करेगा।

40 रोजगार सम्बंधी प्रतिबंध: (i) सूचीबद्ध नियोक्ता के अलावा कोई व्यक्ति गोदी कार्य पर किसी श्रमिक को नहीं लगाएगा।

(ख) उप अनुच्छेद (2) में दी गई छूट के अनुसार कोई सूचीबद्ध नियोक्ता गोदी कार्य के लिए केवल सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक को लगाएगा।

(2) इस अनुच्छेद के पूर्व उल्लिखित प्रावधानों के बावजूद :—

(क) जहा प्रशासनिक निकाय इस बात से संतुष्ट हो कि :—

(i) गोदी कार्य तत्काल किया जाना अति आवश्यक है, और उस कार्य के लिए सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक मिलना वास्तव में व्यवहार्य नहीं है, तो प्रशासनिक निकाय, बोर्ड द्वारा लगाई गई सीमाओं के अन्तर किसी सूचीबद्ध नियोक्ता को ऐसा व्यक्ति आबंटित कर सकता है जो सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक नहीं है।

इसके अलावा यह भी शर्त है कि जहा गैर सूचीबद्ध श्रमिक लगाने हो, वहां प्रशासनिक निकाय, यदि सम्भव हो, ऐसे श्रमिकों को लगाने के लिए अध्यक्ष से पूर्व अनुमति प्राप्त करेगा और जहां यह संभव न हो वहां 24 घंटे के अंदर अध्यक्ष को उन परिस्थितियों के बारे में सूचना देगा जिनमें उसे ऐसे श्रमिकों को लगाना पड़ा था और अध्यक्ष बोर्ड को उसकी अगली बैठक में ऐसे रोजगार के बारे में सूचना देगा,

(ख) मद (ख) में उल्लिखित मामले में सूचीबद्ध नियोक्ता द्वारा इस प्रकार लगाया गए व्यक्तियों को अनुच्छेद 37 के उप अनुच्छेद 4, 5 और 6 और अनुच्छेद 42 के प्रयोजनों के लिए गोदी श्रमिक के समान समझा जाएगा जैसे कि वह सामान्य पूल श्रमिक हो।

(3) सामान्य पुल में सूचीबद्ध श्रमिक, यदि अनुच्छेद 38 के तहत अपने दायित्वों का पूरी तरह से पालन करता है, तो वह उन दिनों में जब प्रशासनिक निकाय द्वारा उसे काम के लिए आंबटित न किया गया हो, स्कीम के तहत सूचीबद्ध नियोक्ताओं के अलावा अन्य नियोक्ताओं के पास काम कर सकता है।

41. वे परिस्थितियां जिनमें स्कीम लागू नहीं होगी।

(1) यह स्कीम उस समय किसी सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक पर लागू नहीं होगी जब उसका नाम स्कीम के प्रावधानों के अनुसार सूचियों अथवा अभिलेखों से हटा दिया गया हो।

(2) यह स्कीम उस समय किसी सूचीबद्ध नियोक्ता पर लागू नहीं होगी जब उसका नाम स्कीम के प्रावधानों के तहत नियोक्ताओं की सूची से हटा दिया गया हो।

(3) इस अनुच्छेद का कोई अंश उस अवधि के दौरान दायित्वों अथवा अधिकार को प्रभावित नहीं करेगा जब व्यक्ति सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक अथवा सूचीबद्ध नियोक्ता था।

42. शिड्यूल I में दी गई श्रेणियों के श्रमिकों का वेतन भत्ता और और अन्य सेवा शर्तें

(1) जब तक स्कीम में विशेष रूप से उल्लेख न किया गया हो शिड्यूल I में दी गई श्रेणियों के सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक (चाहे वह सामान्य पूल में हो अथवा मासिक सूची में हो) और सूचीबद्ध नियोक्ता के बीच संविदा की यह एक अंतर्निहित शर्त होगी कि वेतन की दरें, भत्ते और ओवरटाइम, काम के घंटे, विश्राम अवकाश, छुट्टियां और तत्सम्बन्धी वेतन तथा अन्य सेवा शर्तें वही होंगी जिन्हें प्रत्येक श्रेणी के श्रमिक के लिए बोर्ड द्वारा समय-समय पर उप अनुच्छेद (2) और (3) के प्रावधानों के तहत निर्धारित किया जाएगा।

(2) उक्त उप अनुच्छेद (1) में दी गई सेवा-शर्तों के अनुसार, मासिक श्रमिक (सूची "क") उस वर्ग—जिससे वह संबंधित है, के पूरे मासिक वेतन और भत्तों का हकदार होगा भले ही उन सभी दिनों उसे कार्य दिया गया हो अथवा नहीं।

एक मासिक श्रमिक, स्कीम के प्रारंभ होने की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए ऐसे किसी लाभ को प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा जिसमें कोई अतिरिक्त वित्तीय विवक्षाएं हों।

(3) एक सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक, स्कीम के प्रारंभ होने की तारीख से 5 वर्षों की अवधि के लिए ऐसे किसी लाभ को प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा जिसमें कोई अतिरिक्त वित्तीय विवक्षाएं हों।

(4) वेतन अवधि, वेतन भुगतान के समय और वेतन से कटौती का निर्धारण वेतन भुगतान अधिनियम 1936 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

43. काम देने अथवा काम न देने के सम्बन्ध में वेतन:—(1) स्कीम के अन्य प्रावधानों और इस अनुच्छेद तथा निम्नलिखित अगले अनुच्छेद में निर्दिष्ट शर्तों के अनुसार जब सामान्य पूल में सूचीबद्ध सामान्य पूल, श्रमिक काम के लिए उपलब्ध हो लेकिन उसे काम न दिया गया हो अथवा पूरा काम न दिया गया हो, तो वह बोर्ड से वही राशि प्राप्त करने का हकदार होगा जो अनुच्छेद 32, 33 और 34 के तहत उसे देय है।

(2) वे शर्तें जिनके तहत एक सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक बोर्ड से उक्त भुगतान (यदि कोई हो) पाने का हकदार है, ये हैं—

(क) वह कार्य स्थलों पर निर्देशानुसार उपस्थित हुआ हो, और

(ख) उसकी उपस्थिति दर्ज की गई हो।

44. भुगतान के लिए अपात्रता

(1) सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक सामान्य पूल में रहते हुए बिना किसी पर्याप्त कारण से अनुच्छेद 38 के उप अनुच्छेद 4 के मद (क), (ख) और (ग) के प्रावधानों का पालन न करता हो अथवा बोर्ड या बोर्ड की ओर से उसे दिए गए विधि सम्मत आदेशों का उसने पालन न किया हो, तो उसके विरुद्ध उप अनुच्छेद (3) के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

(2) सामान्य पूल में सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक, जो प्रशासनिक निकाय द्वारा उसे आबंटित किए गए काम में कार्यरत रहते हुए बिना किसी पर्याप्त कारण से अनुच्छेद 38 के उप अनुछेद (5) के प्रावधानों का पालन करने में असफल रहता हो अथवा उसके नियोक्ता द्वारा उसे दिए गए कोई विधि सम्मत आदेशों का पालन करने में असफल रहता हो, उसको काम से हटा दिया गया हो और उसे सामान्य पूल में वापस लौटा दिया गया हो, चाहे उसकी इस वापसी की सूचना लिखित रूप में श्रम अधिकारी को दी गई हो अथवा न दी गई हो, प्रशासनिक निकाय उसके वेतन कार्ड में तदनुसार प्रविष्टि कर देगा।

(3) श्रम अधिकारी उप अनुच्छेद (1) अथवा उप अनुच्छेद (2) के तहत उठे किसी मामले पर विचार करेगा और यदि मामले की जांच-पड़ताल के बाद वह सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक को अधिसूचित करता है कि वह इस बात से संतुष्ट है कि सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक उपर्युक्त विधि सम्मत आदेशों का पालन करने में असफल रहा है, अतः सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक किसी भुगतान अथवा अनुच्छेद 43 के तहत किसी भुगतान के ऐसे भाग, जिसे श्रम अधिकारी वेतन अवधि के सम्बन्ध में उपयुक्त समझे, जिसमें वह असफल रहा हो अथवा निरंतर असफल रहा हो, का भुगतान पाने का हकदार नहीं होगा,

बशर्ते कि श्रम अधिकारी इस उप अनुच्छेद के तहत कोई निर्णय लेता है, उससे पहले सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक को कारण बताने का एक अवसर दिया जाएगा।

45. अनुशासनिक प्रक्रिया:—(1) कार्मिक अधिकारी, किसी शिकायत पर या अन्यथा सूचना मिलने पर कि सूचीबद्ध नियोक्ता स्कीम के उपबंधों का पालन करने में असफल रहा है, मामले की जांच करने के बाद।

(i) उसे लिखित चेतावनी देगा, या

(ii) यदि उसके विचार में कोई उच्च दण्ड उपयुक्त है, मामले की रिपोर्ट उपाध्यक्ष को देगा।

(2) उपाध्यक्ष तब, उपयुक्त समझी जाने वाली आगे की जांच कराएगा और उस नियोक्ता के संबंध में निम्नलिखित कोई कार्रवाई करेगा, अर्थात वह—

(क) नियोक्ता की निंदा करेगा और निंदा को उसकी रिकार्ड शीट में रिकार्ड करेगा, या

(ख) बोर्ड के अनुमोदन के आधार पर और नियोक्ता को लिखित रूप में एक महीने की नोटिस के बाद निदेश दे सकता है कि नियोक्ता का नाम ऐसी अवधि के लिए, जो बोर्ड द्वारा नियत की जाए या हमेशा के लिए, यदि बोर्ड द्वारा ऐसा समझा

जाता है, नियोक्ताओं के रजिस्टर में निकाल दिया जाएगा ।

3. (i) पूल का कोई जनरल पूल श्रमिक जो स्कीम के किसी उपबंध का अनुपालन करने में असफल रहता है, या अनुशासनहीनता अथवा कदाचार का कोई कार्य करता है उसके विरुद्ध श्रम अधिकारी को लिखित रिपोर्ट की जाएगी।

(ii) श्रम अधिकारी, मामले की जांच करने के बाद उस श्रमिक के संबंध में निम्नलिखित कोई कार्रवाई करेगा, अर्थात् वह:—

(क) नियत करेगा कि ऐसी अवधि के लिए, जिसे वह उपयुक्त समझे, वह श्रमिक किसी भुगतान या क्लाज 43 के अंतर्गत आंशिक भुगतान का हकदार नहीं होगा,

(ख) उसे लिखित चेतावनी दे, या

(ग) अधिक से अधिक 10 दिनों की अवधि के लिए बिना वेतन निलंबित करे ।

(iii) ऐसे मामले में जिसमें सब क्लाज (1) के अन्तर्गत श्रम अधिकारी को रिपोर्ट की जाती है तथा उसका यह विचार हो कि अनुशासनहीनता या कदाचार का मामला इतना गंभीर है कि श्रमिक को और आगे काम करने की अनुमति न दी जाए, श्रम अधिकारी मामले की जांच लंबित रहने तक श्रमिक को निलंबित करे और तत्काल उपाध्यक्ष को रिपोर्ट करे, जो मामले की प्रारंभिक जांच के बाद उस आदेश को पारित करेगा कि अंतिम आर्डर लंबित रहने तक श्रमिक को निलंबित रखा जाए अथवा नहीं,

(iv) जहां किसी श्रमिक को मद (iv) के अंतर्गत किसी आदेश के द्वारा निलंबित किया गया है, उसे उसके निलंबन की तारीख से प्रारंभिक नब्बे दिनों के लिए उसके मूल वेतन, महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों का वह आधा निर्वाह भत्ता दिया जाएगा जो यदि वह वेतनयुक्त अवकाश पर जाने पर लेने का हकदार होता, और उसके बाद, अध्यक्ष असाधारण मामलों में, ऐसे मूल वेतन, महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों का तीन चौथाई भाग ज्यादा निर्वाह भत्ता के रूप में दे सकता है :

बशर्ते कि जहां ऐसी जांच श्रमिक पर आरोपित प्रत्यक्ष कारणों से नब्बे दिनों की अवधि से अधिक चलती है, नब्बे दिनों से अधिक उस अवधि के लिए निर्वाह भत्ता कम करके मूल वेतन, महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों का एक चौथाई कर दिया जाएगा ।

(v) इस प्रकार दिया गया निर्वाह भत्ता किसी भी मामले में वसूल या जब्त नहीं किया जा सकेगा ।

(vi) जहां उपाध्यक्ष इस निर्णय पर पहुंचता है कि अनुशासनहीनता या कदाचार के आरोप की जांच लंबित रहने तक श्रमिक के निलंबन के आदेश नहीं होने चाहिये थे, या व्यापक जांच होने के बाद श्रमिक, उस पर लगाए गए आरोपों का दोषी नहीं पाया जाता है, श्रमिक प्रशासनिक निकाय से ऐसे भुगतान का हकदार होगा जो उपाध्यक्ष द्वारा निर्णित की जाए ।

बशर्ते कि इस प्रकार दी जाने वाली धनराशि में से किसी विशेष अवधि के लिये देय या पहले दी जा चुकी निर्वाह भत्ता राशि कम कर दी जाएगी ।

4. जहां, श्रम अधिकारी के विचार में, सब क्लॉज, 3 की मद (2) और (3) में उल्लिखित दण्ड से बड़ा दण्ड उपयुक्त है, वह इसकी सूचना उपाध्यक्ष को देगा ।

5. सब-क्लॉज (4) के अंतर्गत श्रम अधिकारी से या नियोक्ता अथवा अन्य किसी व्यक्ति से रिपोर्ट मिलने पर कि पूल का कोई जनरल पूल श्रमिक स्कीम के किसी उपबन्ध का अनुपालन करने में असफल रहा है या उसने अनुशासन-हीनता अथवा कदाचार का कार्य किया है, मानक उत्पादन प्रस्तुत करने में असफल रहा है अथवा स्कीम के उपबन्धों का एक से अधिक बार उल्लंघन किया है या अन्य किसी रूप में अकुशल रहा है, उपाध्यक्ष ऐसी भावी जांच करे, जो वह उपयुक्त समझे और उसके बाद संबंधित श्रमिक के संबंध में निम्नलिखित कोई कार्रवाई करे अर्थात् वह निम्न-लिखित कोई दण्ड लगा सकता है :

(क) नियत करे कि ऐसी अवधि के लिये जो वह उपयुक्त समझे मजदूर क्लॉज 43 के अंतर्गत किसी भुगतान या अंश भुगतान का हकदार नहीं होगा,

(ख) उसे लिखित सूचना दे;

(ग) उसे अधिक से अधिक तीन महीने की अवधि के लिय बिना वेतन निलंबित करे—

(घ) 14 दिनों की नोटिस या उसके स्थान पर महंगाई भत्ते के साथ 14 दिनों का वेतन देकर उसकी सेवाएं समाप्त करे, या

(ङ) उसे बरखास्त करे ।

6. इस क्लॉज के अंतर्गत कोई निर्णय लेने से पहले, संबंधित व्यक्ति को कारण बताने का अवसर दिया जाएगा कि उसके विरुद्ध प्रस्तावित कार्रवाई क्यों नहीं की जाए और ऐसा व्यक्ति यदि ऐसा चाहे, उस कार्रवाई के संबंध में प्रमाण प्रस्तुत कर सकता है, अंतिम आदेश की एक प्रति भी संबंधित व्यक्ति को भेजी जाएगी ।

7. प्रशासनिक निकाय को भी इस क्लॉज के अंतर्गत की जाने वाली कार्रवाई के बारे में साथ साथ सूचित किया जाएगा ।

8. क्लॉज 44 और 45 में निहित किसी बात के न होने के बावजूद नीचे दी गई टेबल के कालम (2) में निर्दिष्ट प्रावधानों के अंतर्गत निम्नलिखित टेबल के कालम (1) में निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रदत्त शक्तियां उक्त टेबल

के कालम (3) की संबंधित प्रविष्टि में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा भी उपयोग में लाई जा सकेंगी ।

कार्रवाई करने के लिये शक्ति प्राप्त अधिकारी	जिस क्लाज के अंतर्गत शक्तियां दी गई हैं ।	विशिष्ट मामलों में कार्रवाई करने के लिये शक्ति प्राप्त प्राधिकारी
(1)	(2)	(3)
1. श्रम अधिकारी	क्लॉज 44 और 45	प्रशासनिक निकाय
2. कामिक अधिकारी	क्लॉज 45	उपाध्यक्ष या अध्यक्ष
3. उपाध्यक्ष	क्लॉज 45	अध्यक्ष

(9) अध्यक्ष की शक्तियों को प्रतिकूल प्रभाव के बिना, क्लॉज 46 के अंतर्गत किसी सूचीगत नियोक्ता को, उसके अधीन कार्यरत मासिक श्रमिकों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने की पूरी शक्ति होंगी ।

46. अध्यक्ष की विशेष अनुशासनिक शक्तियां :

(1) स्कीम में निहित किन्हीं बातों के बावजूद यदि अध्यक्ष सहमत है कि जनरल पूल श्रमिकों के किसी गैंग द्वारा या किसी विशेष श्रमिक द्वारा "गो स्लो" किया गया है और उसी गैंग या श्रमिक अथवा श्रमिकों के विभिन्न गैंगों द्वारा जारी रखा जा रहा है या दोहराया जा रहा है, वह उस आशय की लिखित घोषणा कर सकेंगे । जब सब क्लॉज (1) के अंतर्गत कोई घोषणा की जाती है, वह अध्यक्ष के लिए विनिसम्मत होगी—

(i) मासिक श्रमिकों के संबंध में, सूचीगत नियोक्ताओं के अधिकारों के प्रतिकूल प्रभाव के बिना, ऐसे श्रमिकों के विरुद्ध बरखास्तगी सहित ऐसी अनुशासनिक कार्रवाई करना जो वह उचित समझे और

(ii) पूल में जनरल पूल श्रमिकों के मामलों के ऐसे श्रमिकों के विरुद्ध बरखास्तगी सहित ऐसी अनुशासनिक कार्रवाई करना जो वह उचित समझे और उस अवधि या अवधियों जिसमें "गो स्लो" रखा गया है, के लिये उनका गारंटी प्राप्त न्यूनतम वेतन तथा वेतन के लिये उपस्थिति भत्ता जब्त करने का आदेश भी देना ।

(3) अध्यक्ष अनुशासनिक कार्रवाई करेगा ।

(i) जहां किसी गैंग द्वारा "गो स्लो" रखा गया है, गैंग के सभी सदस्यों के विरुद्ध; और

(ii) जहां किसी श्रमिक द्वारा "गो-स्लो" रखा जाता है, श्रमिक के विरुद्ध ।

(4) किसी श्रमिक या श्रमिकों की किसी गैंग के विरुद्ध इस क्लॉज के अंतर्गत किसी अनुशासनिक कार्रवाई करने से पहले उस श्रमिक या उस गैंग के कारण बताने का एक अवसर दिया जाएगा कि उसके विरुद्ध प्रस्तावित कार्रवाई क्यों नहीं की जाए;

बशर्ते कि अध्यक्ष, इस सब क्लॉज के अंतर्गत कारण बताने का अवसर देने से पहले किसी भी श्रमिक या श्रमिकों की गैंग को, सब क्लॉज (i) के अंतर्गत एक घोषणा किये जाने के तत्काल बाद कार्य से निलंबित कर सकते हैं ।

(5) (क) जहां किसी श्रमिक को जांच लंबित रहने तक निलंबित कर दिया जाता है, उसे उसके निलंबन की तारीख से प्रारंभिक नब्बे दिनों के लिये उसके मूल वेतन, महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों का आधा वह निर्वाह भत्ता दिया जाएगा जो यदि वह वेतनयुक्त अवकाश पर होने पर लेने का हकदार होता और उसके बाद अध्यक्ष, असाधारण मामलों में ऐसे मूल वेतन, महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों का तीन चौथाई भाग ज्यादा निर्वाह भत्ता के रूप में दे सकेगा;

बशर्ते कि जहां ऐसी जांच श्रमिक पर प्रत्यक्ष रूप से आरोपित कारणों से नब्बे दिनों की अवधि से आगे चलती है, नब्बे दिनों से अधिक अवधि के लिए श्रमिक को निर्वाह भत्ता मूल वेतन, महंगाई एवं अन्य भत्तों के एक चौथाई तक सीमित कर दिया जाएगा ;

(ख) इस प्रकार दिया गया निर्वाह भत्ता किसी भी स्थिति में वसूल या जब्त नहीं किया जा सकेगा ।

(ग) जहां कोई श्रमिक दोषी नहीं पाया जाता है, वह अपने निलंबन की अवधि के संबंध में उस भुगतान का हकदार होगा जो प्रशासनिक निकाय प्रमाणित करे कि यदि वह निलंबित नहीं किया जाता तो समय दर आधार या क्लॉज 33 के अंतर्गत प्राप्त करता, बशर्ते कि इस प्रकार दी जाने वाली धनराशि, उस अवधि के दौरान दिए गए निर्वाह भत्ते को निकाल कर दी जाएगी ।

(6) कोई जनरल पूल श्रमिक जो सब क्लॉज 2 के अंतर्गत अध्यक्ष के किसी आदेश द्वारा प्रभावित है, वह आदेश मिलने की तारीख से 30 दिनों के अंदर केन्द्र सरकार को अपील कर सकेगा ।

47. रोजगार का समापन :—(1) किसी जनरल पूल श्रमिक का रोजगार, स्कीम के उपबंधों के अनुसार छोड़ कर समाप्त नहीं किया जा सकेगा ।

(2) पूल का कोई जनरल पूल श्रमिक बोर्ड को 14 दिनों का लिखित नोटिस दिए बिना अथवा उसके स्थान पर महंगाई भत्ते के साथ चौदह दिनों के वेतन के परित्याग किए बिना बोर्ड से अपना रोजगार नहीं छोड़ेगा ।

(3) जब बोर्ड में किसी जनरल पूल श्रमिक का रोजगार उक्त सब क्लॉज (1) और सब क्लॉज (2) के

अंतर्गत समाप्त कर दिया जाता है, प्रशासनिक निकाय द्वारा उसका नाम सूची या रिकॉर्ड से तत्काल हटा दिया जाएगा ।

48. श्रमिकों द्वारा अपील :—इस क्लॉज में यदि ऐसा अन्यथा प्रावधान न हों, पूल का कोई श्रमिक जो नीचे दिए गए टेबल के कालम (2) में निर्दिष्ट उपबन्धों के तहत उक्त टेबल के कॉलम (1) में निर्दिष्ट किसी प्राधिकारी द्वारा पारित किसी आदेश से प्रभावित है, वह उक्त टेबल के कॉलम (3) में परवर्ती प्रविष्टि में निर्दिष्ट प्राधिकारी को उस आदेश के विरुद्ध अपील कर सकेगा ।

टेबल

आदेश पारित करने वाला प्राधिकारी	प्रावधान जिसके अंतर्गत आदेश जारी किया गया है	अपीली प्राधिकारी
(1)	(2)	(3)
श्रम अधिकारी	क्लॉज 44 या 45	उपाध्यक्ष
प्रशासनिक निकाय	क्लौज 44 या 45	उपाध्यक्ष
उपाध्यक्ष	क्लॉज 45	अध्यक्ष
अध्यक्ष	क्लॉज 45	केन्द्र सरकार

बशर्ते कि जहां उपाध्यक्ष प्रशासनिक निकाय के रूप में कार्य करते हुए आदेश जारी करता है वहां उक्त आदेश के विरुद्ध अध्यक्ष को अपील की जा सकेगी ।

(2) कोई श्रमिक जो किसी आदेश से प्रभावित है—

(i) जिसे सूची या रिकॉर्ड में किसी विशेष ग्रुप में रखना;

(ii) क्लॉज 20 के अंतर्गत सूची में शामिल करने से इन्कार करना; या

(iii) क्लॉज 38 के सब क्लॉज 4 के मद (ग) के तहत उससे ऐसे कार्य लेने पर जो उस वर्ग का नहीं है जिससे वह संबंधित है, अध्यक्ष को अपील कर सकेगा । ऐसी किसी अपील पर सुनवाई नहीं की जाएगी जहां किसी जनरल पूल श्रमिक का नाम सूची या रिकार्ड से बोर्ड के अनुदेश के अनुसार हटाया गया है यदि हटाने का आधार यह है कि जनरल पूल श्रमिक ऐसे श्रमिकों के क्लास या डिस्क्रिपशन में आता है, जिनके नाम सूची या रिकार्ड से, उसका आकार कम करने के क्रम में हटाए जाने है;

बशर्ते कि अध्यक्ष ऐसी अपील पर सुनवाई करेगा जिसमें जनरल पूल श्रमिक यह आरोप लगाता है कि वह श्रमिकों के उस वर्ग या श्रेणी से संबंधित नहीं है जो बोर्ड के अनुदेशों उल्लिखित है ।

(3) सब क्लॉज (1) या सब क्लॉज (2) में उल्लिखित प्रत्येक अपील लिखित रूप में और जिस आदेश के विरुद्ध अपील करनी है उस आदेश के प्राप्त होने की तारीख से 14 दिनों के अंदर की जाएगी ।

बशर्ते कि अपीली प्राधिकारी, रिकॉर्ड किए जाने वाले कारणों से, 14 दिनों के समाप्त होने के बाद की गई अपील को स्वीकार करेगा ।

(4) अपीली प्राधिकारी, अपील करने वाले को सुनवाई का एक अवसर देने के बाद यदि वह ऐसा चाहता है, और लिखित रूप में दिए जाने वाले कारणों से ऐसा आदेश देगा जो वह उपयुक्त समझे ।

(5) सब क्लॉज (4) के अंतर्गत पारित प्रत्येक आदेश अपील करने वाले को भेजा जाएगा ।

(6) अपील करने वाला कोई व्यक्ति, अपीली प्राधिकारी के समक्ष किसी लीगल प्रेक्टिशनर द्वारा प्रतिनिधित्व कराने का हकदार नहीं होगा, लेकिन वह उस पंजीकृत मजदूर संघ, जिसका वह सदस्य है, के किसी प्रतिनिधि द्वारा या किसी जनरल पूल श्रमिक द्वारा प्रतिनिधित्व कराने का हकदार होगा ।

49. नियोक्ताओं द्वारा अपील :—(1) (क) ऐसा सूचीगत नियोक्ता जो क्लॉज 45 के सब क्लॉज (1) के मद (1) के तहत कार्मिक अधिकारी के किसी आदेश द्वारा प्रभावित है, उपाध्यक्ष को अपील करेगा ।

(ख) ऐसा सूचीगत नियोक्ता जो क्लॉज 45 के सब क्लॉज 2 के तहत उपाध्यक्ष के किसी आदेश से प्रभावित है, अध्यक्ष को अपील करेगा । क्लॉज 45 के सब क्लॉज (1) अथवा सब क्लॉज (2) के तहत किसी आदेश के विरुद्ध अपील अध्यक्ष को उनके निर्णय के लिये की जाएगी । क्लॉज 45 के सब क्लॉज (2) या सब क्लाज (6) के तहत किसी आदेश के विरुद्ध की गई किसी अपील के मामले में, अध्यक्ष वह मामला तत्काल केन्द्र सरकार को भेजेगा । केन्द्र सरकार ऐसी अपील पर वह आदेश देगी जो वह उपयुक्त समझे ।

(2) ऐसा सूचीगत नियोक्ता जिसे क्लॉज 16 के सब क्लाज (1) के मद (ग) के तहत सूची में शामिल करने से इन्कार कर दिया गया है, केन्द्र सरकार को अध्यक्ष के माध्यम से अपील करेगा । केन्द्र सरकार उस अपील पर ऐसा आदेश देगी जो वह उपयुक्त समझे ।

(3) यदि कोई सूचीगत नियोक्ता क्लॉज 45 के तहत अध्यक्ष के, उसके विरुद्ध किसी मूल आदेश से प्रभावित है वह केन्द्र सरकार को अपील करेगा । केन्द्र सरकार अपील पर ऐसा आदेश देगी जो वह उपयुक्त समझे ।

(4) सब क्लॉज (1), (2) और (3) में उल्लिखित प्रत्येक अपील लिखित रूप में और जिन आदेश के विरुद्ध अपील करनी है, उस आदेश की प्राप्ति की तारीख से 14 दिनों के अंदर की जाएगी;

बशर्ते कि अपीली प्राधिकारी रिकार्ड किए जाने वाले कारणों से 14 दिनों की समाप्ति के बाद की गई किसी अपील को स्वीकार करेगा ।

(5) अपील करने वाला कोई व्यक्ति अपीली प्राधिकारी के समक्ष किसी लीगल प्रेक्टिशनर द्वारा प्रतिनिधित्व कराने का हकदार नहीं होगा, लेकिन वह उस सूचीगत नियोक्ता संघ जिसका वह सदस्य है के किसी प्रतिनिधि द्वारा या किसी सूचीगत नियोक्ता द्वारा प्रतिनिधित्व करने का हकदार होगा ।

50. अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की संशोधन-शक्तियां :— इस स्कीम में निहित किसी बात के बावजूद अध्यक्ष क्लॉज 45 के अंतर्गत उपाध्यक्ष द्वारा पारित किसी आदेश के मामले में, या उपाध्यक्ष उक्त क्लॉज के अंतर्गत कार्मिक अधिकारी या श्रम अधिकारी जैसी भी स्थिति हो, द्वारा पारित किसी आदेश के मामले में, किसी भी समय किसी कार्यवाही के रिकार्ड को जिसमें उपाध्यक्ष का कार्मिक अधिकारी अथवा श्रम अधिकारी ने आदेश पारित किये थे रिकार्ड को उसकी वैधता या उपयुक्तता पर स्वयं को संतुष्ट करने के उद्देश्य से मांगेगा और उसके संबंध में ऐसा आदेश पारित करेगा जो वह उपयुक्त समझे;

बशर्ते कि अध्यक्ष या उपाध्यक्ष इस क्लॉज के अंतर्गत कोई ऐसा आदेश पारित नहीं करेगा जो किसी व्यक्ति को सुनवाई का उचित किए अवसर दिए बिना उस व्यक्ति के हित को प्रतिकूल प्रभाव डाले ।

51. कतिपय अपीलों के संबंध में स्टे आर्डर : —जहां किसी श्रमिक द्वारा 14 दिनों की नोटिस पर सेवा समाप्त करने के आदेश के विरुद्ध क्लॉज 48 के उपबंधों के अनुसार अपील की जाती है या जहां किसी नियोक्ता द्वारा क्लॉज 45 के सब क्लॉज (2) के मद (ख) के तहत नियोक्ता सूची से उसका नाम हटाने के किसी आदेश के विरुद्ध क्लॉज 48 के उपबन्धों के अनुसार अपील की जाती है, अपीली प्राधिकारी अपील की सुनवाई और निपटान के लंबित रहने तक अपील के आदेश के परिचालन को स्थगित रखेगा ।

52. किसी आपात स्थिति में कार्रवाई करने के विशेष प्रावधान :—(1) यदि किसी समय अध्यक्ष संतुष्ट है कि ऐसी आपात स्थिति उत्पन्न हो गई है जो पत्तन के कार्य को प्रभावित करेगी वह लिखित आदेश द्वारा और ऐसी अवधि के लिये जो वह समय-समय पर उसमें निर्दिष्ट करे, उस आशय की घोषणा करेगा :—

बशर्ते कि ऐसी कोई भी घोषणा केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं की जाएगी ।

(2) जब तक सब क्लाज (1) के अंतर्गत कोई आदेश प्रभावी है निम्नलिखित प्रावधान लागू होंगे अर्थात :—

(i) यदि कोई आरोप लगाया जाता है कि कोई सूचीगत नियोक्ता स्कीम के प्रावधानों का पालन करने में असफल रहा है अध्यक्ष आरोप की संक्षिप्त जांच करने के बाद उस नियोक्ता के संबंध में निम्नलिखित कोई कार्रवाई करेगा, अर्थात वह

(क) सूचीगत नियोक्ता को लिखित चेतावनी देगा या

(ख) निदेश देगा कि नियोक्ता सूची से नियोक्ता का नाम या तो हमेशा के लिए या उस अवधि के लिए जो वह नियत करे तत्काल निकाल दिया जाएगा ।

बशर्ते कि सब क्लाज (ख) के अंतर्गत ऐसा निष्कासन नियोक्ता को सुनवाई का उचित अवसर देने के बाद को छोड़ कर नहीं किया जाएगा ।

(ii) यदि किसी जनरल पूल के श्रमिक विरुद्ध अनुशासनहीनता, "गो स्लो" या कदाचार का आरोप लगाया जाता है, अध्यक्ष, जांच के लंबित रहने तक उसे तत्काल निलंबित करेगा आरोप कि संक्षिप्त जांच करेगा और श्रमिक के विरुद्ध निम्नलिखित कोई एक या अधिक कार्यवाई करेगा अर्थात वह

(क) निश्चित करेगा कि वह श्रमिक उस अवधि के लिए जैसी कि वह उचित समझे क्लाज 43 के तहत किसी भुगतान का हकदार नहीं होगा,

(ख) उसे लिखित चेतावनी देगा,

(ग) उसे अधिक से अधिक तीन महीनें की अवधि के लिए बिना वेतन निलंबित करेगा,

(घ) 14 दिनों का नोटिस या उसके स्थान पर महंगाई भत्ता सहित 14 दिनों का वेतन देने के बाद उसकी सेवाएं समाप्त करेगा, या

(ङ) उसे बरखास्त करेगा ।

बशर्ते कि श्रमिक की सुनवाई का उचित अवसर देने के बाद को छोड़ कर उप मद (घ) के अंतर्गत समापन या उप मद (ङ) के अंतर्गत बरखास्ती नहीं की जाएगी ।

(3) सूचीगत नियोक्ताओं और जनरल पूल श्रमिकों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई से संबंधित स्कीम के प्रावधान सब क्लाज (2) के अंतर्गत अध्यक्ष द्वारा पारित किसी आदेश पर लागू नहीं होंगे ।

(4) जहां किसी जनरल पूल श्रमिक को जांच लंबित रहने तक निलंबित रखा गया है उसे निलंबन की तारीख से प्रारंभिक नब्बे दिनों की अवधि के लिए मूल वेतन, महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों का आधा वह निर्वाह भत्ता दिया जाएगा जो यदि वह वेतनयुक्त अवकाश पर जाने पर लेने का हकदार होता, और उसके बाद अध्यक्ष, असाधारण मामलों में ऐसे मूल वेतन महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों का अधिक से अधिक तीन चौथाई अधिक निर्वाह भत्ता के रूप में देगा ।

बशर्ते कि जहां ऐसी जांच श्रमिक पर आरोपित प्रत्यक्ष कारणों से, नब्बे दिनों की अवधि से अधिक चलती है, नब्बे दिनों से अधिक अवधि के लिए निर्वाह भत्ता कम करके मूल वेतन, महंगाई भत्ता और अन्य भत्तों का एक चौथाई कर दिया जाएगा ।

(5) इस प्रकार दिया गया निर्वाह भत्ता किसी भी मामले में वसूल या जब्त नहीं किया जा सकेगा।

(6) जहां श्रमिक दोषी नहीं पाया जाता है ऐसे मामले में वह अपने निलंबन की अवधि के संबंध में उस भुगतान का हकदार होगा जो प्राधिकृत निकाय प्रकाशित करेगा कि यदि वह निलंबित नहीं किया जाता तो समय दर आधार पर या क्लाज 33 के अंतर्गत प्राप्त करता, बशर्ते कि इस प्रकार दी जाने वाली धनराशि उस अवधि के लिए दिए गए निर्वाह भत्ते को घटा कर दी जाएगी।

(7) कोई जनरल पूल श्रमिक या सूचीगत नियोक्ता जो सब क्लाज (2) के अंतर्गत अध्यक्ष द्वारा पारित किसी आदेश से प्रभावित है, आदेश प्राप्त होने की तारीख से 30 दिनों के अंदर केन्द्र सरकार को अपील करेगा।

(8) स्कीम में किसी बात के होने के बावजूद सब क्लाज (1) के अंतर्गत जब तक कोई आदेश लागू है अध्यक्ष सूचीगत नियोक्ताओं द्वारा गैरसूचीगत श्रमिकों के सीधे रोजगार और ऐसे गैरसूचीगत श्रमिकों की सीधे भुगतान को प्राधिकृत करेगा।

53. अंतरपरिवर्तनीय ओर डिप्लायमेंट – एक सूचीबद्ध सामान्य पूल श्रमिक और सूचीबद्ध मासिक श्रमिक, रोजगार में जैसा कि स्कीम के तहत सूचीबद्ध करने से पहले प्रचलित था, मैनिंग स्कैल और डिप्लायमेंट में लचीलेपन को बनाए रखने के लिए सहमत होगा कार्य की आवश्यकतानुसार स्कीम के तहत उनकी विभिन्न अन्य वर्गों में अंतर अदला-बदली की जा सकेगी।

54. स्कीम की परिचालन लागत – (1) स्कीम की परिचालन लागत सूचीगत नियोक्ताओं द्वारा बोर्ड को किए गए भुगतान द्वारा अदा की जाएगी। प्रत्येक भूमिगत नियोक्ता बोर्ड को जनरल पूल श्रमिकों के संबंध में लेवी के माध्यम से एक साथ और एक ही समय क्लाज 39 के सब क्लाज (5) के मद (1) के तहत उस पर बकाया कुल वेतन के भुगतान के रूप में ऐसी राशि देगा जो बोर्ड सूचीगत नियोक्ताओं को समय-समय पर लिखित आदेश द्वारा निर्धारित करेगा :

बशर्ते कि यह रिसीट क्लर्क और सुपरवाइजर जो मासिक सूची में है, के संबंध में सूचीगत नियोक्ताओं से ऐसे वर्गों के संबंध में स्कीम के परिचालन की वचनबद्धता को पूरा करने के लिए उपयुक्त लेवी भी ली जाएगी।

(2) यह निर्धारण करने में कि सब क्लाज (1) के अंतर्गत सूचीगत नियोक्ताओं को कितना भुगतान करना है, बोर्ड कार्य या श्रमिकों के विभिन्न वर्गों के लिए लेवी की विभिन्न दर नियत करेगा बशर्ते कि लेवी की दर इस प्रकार नियत की जाएगी कि लेवी की वही दर सभी सूचीगत नियोक्ताओं जो समान परिस्थितियों में हैं पर लागू होगी।

(3) बोर्ड, केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना दिहाड़ी दर के आधार पर परिकलित अनुमानित कुल वेतन बिल की सौ प्रतिशत से अधिक किसी लेवी को संग्रहीकृत नहीं करेगा।

(4) सूचीगत नियोक्ता मांग करने पर बोर्ड को डिपोजिट के माध्यम से भुगतान करेगा या सब क्लाज (1) में उल्लिखित धनराशि के बकाया भुगतान के लिए वह अन्य संभूति देगा जो बोर्ड आवश्यक समझेगा।

(5) प्रशासनिक निकाय बोर्ड को समय-समय पर ऐसे आंकड़े और अन्य सूचना देगा जो स्कीम के परिचालन एवं वित्त पोषण के संबंध में औचित्यतः अपेक्षित होगी।

(6) यदि कोई सूचीगत नियोक्ता सब क्लाज (1) के अंतर्गत उस पर बकाया या अन्य किसी बकाया एवं अन्य किसी क्षमता या लेखा में बोर्ड को देय धनराशि का प्रशासनिक निकाय द्वारा निर्धारित समय में भुगतान करने में असफल रहता है, प्रशासनिक निकाय नियोक्ता को इस आशय का नोटिस देगा कि यदि वह बकाया राशि का भुगतान इस नोटिस के प्राप्त होने की तारीख से तीन दिनों के अंदर नहीं कर देता है तो जनरल पूल श्रमिकों को उसे की जाने वाली सप्लाई रोक दी जाएगी। नोटिस अवधि के समाप्त होने पर प्रशासनिक निकाय दोषी नियोक्ता को जब तक वह धनराशि का भुगतान नहीं करता है जनरल पूल श्रमिकों को सप्लाई रोक देगा।

55. भविष्य निधि एवं उपदान :— (1) सूचीगत नियोक्ताओं और जनरल पूल श्रमिकों के बीच हुए किसी करार के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना श्रमिकों के संबंध में बोर्ड और अपने मासिक श्रमिकों के संबंध में सूचीगत नियोक्ता अंशदायी भविष्य निधि की व्यवस्था के लिए नियम बनायेंगे एवं परिचालित करेंगे। नियमों में श्रमिकों एवं नियोक्ताओं के अंशदान की दर, भुगतान का तरीका एवं पद्धति तथा अन्य ऐसे मामलों की व्यवस्था होगी जो आवश्यक समझे जाएं।

बशर्ते कि मासिक श्रमिकों पर लागू नियम पूल के श्रमिकों से संबंधित नियमों से कम अनुकूल नहीं होंगे।

(2) सूचीगत नियोक्ताओं और जनरल पूल श्रमिकों के बीच हुए किसी करार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, बोर्ड जनरल पूल श्रमिकों उपदान के भुगतान के लिए नियम बनाएगा।

56. दण्ड : क्लाज 40 का उल्लंघन पहले उल्लंघन के संबंध में अधिकतम 3 महीनों की कैद, या बाद में किए जाने वाले अन्य उल्लंघन के लिए 6 महीने की कैद अथवा पहले उल्लंघन के लिए रु० पांच सौ के दंड या बाद में किये जाने वाले उल्लंघन के लिए एक हजार रु० के दंड या उक्त कैद एवं अर्थ दंड दोनों सहित दण्डनीय होगा।

अनुसूची I

गैरपंजीकृत डाक जनरल पूल श्रमिक वर्ग-जिन पर स्कीम लागू होती है –

1. सुपरवाइजर

2. रिसीट क्लर्क

3. रिगर फोरमैन

4. जनरल परपज मजदूर—जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं :–

(i) मजदूर

(ii) बास्केट मेंडर

(iii) ट्रिमिंग स्टिचर

(iv) क्लीनिंग मजदूर

(v) नेट स्लिंग मेंडर

(vi) कारपेंटर

(vii) रिगिंग मजदूर

अनुसूची II

गैरपंजीकृत डाक जनरल पूल श्रमिकों के विभिन्न वर्गों के मुख्य कार्य-दायित्व

1. सुपरवाइजर . (क) चीफ आफिसर कंपनी सुपरवाइजर को उनके कार्यों में सहायता करना और स्टेवीडोरिंग कंपनी की ओर से सुपरवाइजर के रूप में काम करना ।

(ख) डाक लेबर बोर्ड और जनरल पूल श्रमिकों को काम देना और उनसे काम लेना तथा पर्यवेक्षण करना ।

(ग) जहाज पर स्टेवीडोर नियोक्ताओं के प्रतिनिधि के रूप में काम करना और स्टीमर कार्यकरण पर स्टेवीडोरिंग कंपनी द्वारा उसे दिए गए आदेशों को पूरा करना ।

(घ) प्रत्येक पारी में कार्यप्रणाली क्रम तैयार करने के लिए विशेष रूप से रिसीट क्लर्क के साथ निकटता से काम करना और कार्यप्रणाली के अनुसार और स्टेवीडोर नियोक्ताओं या जहाज अधिकारी के अनुदेशों के अनुसार जहाज की लोडिंग व अनलोडिंग का पर्यवेक्षण करना ।

(ङ) स्टोवेज प्लान के अनुसार स्टेवीडोर नियोक्ता या जहाज कार्मिक द्वारा दिए गए अनुदेशों के अनुसार कार्गो के समुचित स्टोवेज पर विशेष ध्यान देना और किसी आयात जहाज के मामले में क्षति न होने देने के लिए कार्गो की समुचित हैंडलिंग करना ।

(च) दोषी श्रमिकों के विरुद्ध रिपोर्ट तैयार करना और प्रस्तुत करना ।

(छ) किसी पारी में कार्य के दौरान उत्पन्न हुई गतिविधियों की स्टेवीडोरों या उनके/बोर्ड के कार्यालयों को रिपोर्ट देना और स्टेवीडोरिंग के प्रबंध में किसी भी मामले पर अनुदेश लेना ।

(ज) जहाज पर रिसीट क्लर्क के साथ किये जाने वाले कार्य में समन्वय करना और पर्यवेक्षण करना कि लोडिंग एवं अनलोडिंग कार्य के समुचित गतिशील एवं कुल निष्पादन के लिए सभी पर्यवेक्षकीय श्रमिकों द्वारा उचित ध्यान दिया जा रहा है ।

2. रिसीट क्लर्क –

(क) जहाजों पर बिल्टि तैयार करना, नोटस का मैनीफस्टेशन, मेट रिसीट और टेलीशीटस एकत्र करना आदि जैसे जहाज पर किये जाने वाले पूरे डाकूमेंटेशन कार्य का पर्यवेक्षण करना और प्रभारी होना ।

(ख) जहाज पर लदान किए जाने के आशय के कार्गो के स्टोवेज प्लान को अंतिम रूप देने को ध्यान में रखते हुए चीफ आफिसर और स्टेवीडोर नियोक्ता के संपर्क में रहना तथा कार्यान्वियन के लिए समय-समय पर स्टोवेज में किसी परिवर्तन के जहाज अधिकारी या स्टेवीडोर नियोक्ता के अनुदेश लेना ।

(ग) आयात जहाज पर, जहाज के आने पर वह कार्गो के विवरण एकत्र करेगा और जहाज अधिकारी और स्टेवीडोर नियोक्ताओं के निकट सम्पर्क में कार्यक्रम डिस्चार्ज करेगा ।

(घ) पिछले दिन लादे या उतारे गए कार्गो की दैनिक प्रातः कालीन रिपोर्ट तथा अन्य ऐसे विवरण जो अपेक्षित होंगे तैयार करेगा और जारी करेगा जैसे प्रत्येक सुबह को उपलब्ध कार्गो की सूची तथा विभिन्न विवरण और किसी आयात जहाज पर डिसचार्ज किए गए या किये जाने वाले कार्गो की सूची आदि के ब्यौरे तैयार एवं जारी करना ।

(ङ) सुपरवाइजर के सहयोग में जहाज पर कार्य की प्रत्येक पारी के लिए कार्य आर्डर को तैयार एवं अंतिम रूप देना ।

(च) जहाज पर स्टीमर एजेंटों और स्टेवीडोर नियोक्ताओं का काम करना और उन्हें ऐसी सूचना देना जो डिसचार्ज या लदान विवरण के संबंध में उससे मांगी जाए ।

(छ) किसी जहाज का काम पूरा करने पर, जहाजों, स्टीमर एजेंटों और स्टेवीडोर नियोक्ताओं को आवश्यक प्रलेख देना ।

3. रिगर फोरमैन –

(क) क्रमशः 7 रिगरों (एक विच ड्राइवर सहित) और 10 क्लीनिंग मजदूरों वाले रिगिंग गैंग और क्लीनिंग गैंग का नेतृत्व करना ।

(ख) इन गैंगों से उन्हें परिचालन पद्धति का निर्देश दे कर, कार्य लेना ।

4. जनरल परपज मजदूर –

(क) कार्गो होल्डस या टैंक बिल्ज, मोम, डेक, टनेल, एलीवे या जहाज के सफाई किए जाने की आवश्यकता वाले अन्य किसी भाग की सफाई करना ।

(ख) जहाज पर या तट पर कार्गो के कूड़े को एकत्र करना उन्हें थैलियों या अन्य पैकिंग में भरना, बांधना और उसे हटाना या हैंडल करना ।

(ग) डनेज वुड, एटिंग, पलेटस या अन्य किसी कार्गो सेपरेशन मीडिया को हैंडल, सप्लाई और ले करना ।

(घ) गन्नी बेल्स (जहाज पर या तट पर बल्क कार्गो की बैगिंग के लिए खाली गनीज की सप्लाई के उपयोग में लाए गए) की हैंडलिंग करना तथा बेल्स खोलना और जहाज पर या शेड में विभिन्न कार्य स्थानों पर गनी बैग का वितरण करना ।

(ङ.) आयात तथा निर्यात पैकेजों पर हाथ से स्टेंसिल द्वारा लिखना तथा ट्रिमिंग बैग्स की मार्किंग सहित जहाज पर या तट पर स्टेंसिल या पेंट से निशान लगाना और जहाज पर या तट पर क्षतिग्रस्त और या मरम्मतशुदा पैकेजों की सीलिंग भी करना ।

(च) कार्गो की स्टोविंग या अनस्टोविंग के लिये उपयोग में लाए गए लकड़ी या धातु के अस्थायी स्ट्रक्चर्स या फिक्चर्स की फिक्सिंग या डिसमेंटलिंग करना ।

(छ) जहाज या तट पर गीयर डिस्ट्रीब्यूशन एवं एकत्रण, बल्क कार्गो की लेवलिंग, नेट स्लिंग्स, बास्केट मेडिंग, स्टिचिंग और मरम्मत करना ।

(ज) जहाज पर डेरिक्स रिग करना, यंत्रिकृत प्रकार के हैचेज, को खोलना एवं बांधना फीडर बोर्ड को हटाना और स्टकिंग करना, कार्गो बांधना और खोलना ।

(झ) नियोक्ताओं द्वारा जब कभी अपेक्षित होने पर देय किसी जहाज के लोडिंग तथा अनलोडिंग कार्य से जुड़ा सामान्य प्रकार का अन्य कोई कार्य करना, जो डाक श्रमिकों के किसी विशेष वर्ग का निर्धारित कार्य नहीं है ।

अनुसूची III

(क्लाज 32 देखें)

किसी महीने के ऐसे दिनों की न्यूनतम सख्या जिनके लिय वेतन की गारंटी दी गई है, का मुल्यांकन निम्नलिखित प्रणाली के अनुसार तत्काल पिछले 12 महीनों के दौरान औसत रोजगार के आधार पर वार्षिक रूप में किया जाएगा :

(क) पूल में किसी विशेष वर्ग के डाक जनरल पूल श्रमिकों द्वारा प्रति माह जितनी जन पारियों मे कार्य किया गया उसकी संख्या रिकॉर्ड की जाए ।

(ख) महीने के सभी कार्य-दिवसों को पूल मे उक्त वर्ग के डॉक जनरल पूल श्रमिकों का प्रभावी संख्या रिकार्ड की जाए ।

किसी विशेष कार्य-दिवस को पूल में उक्त उल्लिखित डाक जनरल पूल श्रमिकों की प्रभावी संख्या ।	पूल में उक्त उल्लिखित वर्ग में डॉक जनरल पूल श्रमिकों की उस दिन सूचीगत संख्या ।	पूल में उक्त उल्लिखित वर्ग में प्राधिकृत अवकाश पर गए डाक जनरल पूल श्रमिकों की सं० और इन वर्गों के एक श्रमिकों की संख्या जिनकी उस दिन मृत्यु हो गई जिनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई ।

(ग) किसी महीने मे सभी कार्य-दिवसों को उक्त उल्लिखित वर्ग के सूचीगत डॉक जनरल पूल श्रमिकों की उक्त (ख) के अंतर्गत प्राप्त संख्या जोड़ी जाए और महीने के दौरान इन श्रमिकों की प्रभावी संख्या का पता लगाने के लिय महीने के कार्य-दिवसों से भाग दिया जाए ।

(घ) उस वर्ग के प्रति श्रमिक प्रतिमाह औसत रोजगार का पता लगाने के लिय मद (क) को मद (ग) से भाग किया जाए। 12 लगातार महीनों के लिये उक्त (घ) के अंतर्गत प्राप्त औसत को जोड़ कर 12 से भाग दिया जाए। इस प्रकार प्राप्त होने वाला औसत अगले 12 महीनों के लिये इस वर्ग के लिये न्यूनतम गारंटी होगी ।

इसे स्पष्ट करने के लिये नीचे एक उदाहरण दिया गया है :—

मान लीजिये कि मूल्यांकन जुलाई 1986 में किया जाता है और मान लीजिये कि जुलाई, 1985 से जुलाई, 1986 की अवधि के दौरान पूल के सूचीगत डाक जनरल पूल श्रमिकों की प्रभावी संख्या और उनके द्वारा जितनी जन पारियों में काम किया गया उसकी संख्या नीचे दिये गए टेबल के कॉलम (2) और (3) में दिखाई गई है :—

टेबल

महीना	प्रभावी संख्या	जनपारियों की कुल संख्या जिन में काम किया गया	प्रति श्रमिक प्रति माह औसत रोजगार
1	2	3	4
जुलाई, 1985	500	9500	19
अगस्त	490	9450	19

1	2	3	4
सितंबर	495	9300	19
अक्तूबर	485	9475	20
नवंबर	490	8200	17
दिसंबर	480	8160	17
जनवरी 1986	475	9400	20
फरवरी	485	9200	19
मार्च	490	9600	20
अप्रैल	475	8000	16
मई	500	6000	12
जून	490	7850	16

कॉलम (3) को कॉलम (2) से भाग देने पर प्रति श्रमिक प्रतिमाह औसत रोजगार ज्ञात होगा जो कॉलम (4) में दिखाया गया है ।

जुलाई 1985 से जून 1986 अवधि के दौरान एक महीने में जितने न्यूनतम दिनों के लिये वेतन की गारंटी दी जानी चाहिए ऐसे दिनों की संख्या $= \frac{19+19+19+20+17+17+20+19+20+16+12+16}{12} =$ 17.7 होगी ।

निकटतम दिन को पूरा मानने के बाद = 18 दिन ।

यद्यपि यह औसत केवल निम्नतम वर्ग के श्रमिकों के लिये परिकलित की गई है, लेकिन वह सूचीगत डाक जनरल पूल श्रमिकों के सभी वर्गों पर लागू होगी । यदि कोई नया वर्ग सूचीगत किया जाता है तो इस वर्ग की प्रारंभिक न्यूनतम गारंटी इस स्कीम के क्लाज 20(4) में उल्लिखित नए वर्गों को सूची में शामिल करने से संबंधित नियमों में किए गए उल्लेख के अनुसार निर्धारित की जाएगी :

जुलाई 1987 और उसके बाद के प्रत्येक वर्ष के लिये ऐसा ही परिकलन किया जाए । यदि किसी वर्ष दिनों की औसत संख्या ऐसे न्यूनतम दिनों की संख्या से कम है जिनके लिये वेतन की गारंटी पहले ही दी जा चुकी है, बाद वाली संख्या को कम नहीं किया जाएगा । दूसरे शब्दों में, किसी महीने के न्यूनतम दिनों की संख्या जिनके लिए वेतन की गारंटी दी जा चुकी है, धीरे-धीरे बढ़ती जाएगी और कभी भी कम नहीं होगी ।

[स. एल.बी.-13013/5/86-एल.-IV (II)]

पी.वी. रात्र, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT

New Delhi, the 12th October, 1987

NOTIFICATION

S.O. 899(E).—The following draft of the Madras Unregistered Dock General Pool Workers (Regulation of Employment) Scheme, 1987, which the Central Government proposes to make in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 4 of the Dock Workers (Regulation of Employment) Act, 1948 (9 of 1948), is hereby published as required by the said sub-section, for the information of all persons likely to be affected thereby, and notice is hereby given that the said draft will be taken into consideration on or after the expiry of a period of 45 days from the date of publication of this notification in the Official Gazette.

2. Any objection or suggestion which may be received from any person within the said period will be taken into consideration by the Central Government.

DRAFT SCHEME

1. Short title and commencement.—(1) This Scheme may be called the Madras Unregistered Dock General Pool Workers (Regulation of Employment) Scheme, 1987 (hereinafter referred to as "the Scheme").

It shall come into force on the date of its final publication in the Official Gazette.

2. Objects and application.—(1) The objects of the Scheme are to ensure—(i) greater regularity of employment for the categories of dock general pool workers specified in Schedule I, by maintaining an adequate number of such workers available in the list of workers, (ii) the achievement of efficiency of performance in dock work and attainment of satisfactory levels of productivity and accuracy in documentation.

(2) The Scheme relates to the Port of Madras and applies to the categories of Dock General Pool workers specified in Schedule I and to the descriptions of work performed by them as specified in Schedule II :

Provided that the Scheme shall not apply to any worker unless he is employed as such or required for employment as a general pool worker.

(3) Nothing in this Scheme shall apply to any ship of Indian Navy or to cargo declared for restricted handling by the Defence Authorities.

(4) Nothing in this Scheme shall apply to any worker who is engaged in performing Chipping and Painting work in the Port.

3. Definitions.—In this Scheme, unless there is anything repugnant in the subject or context :—

(a) "Act" means the Dock Workers (Regulation of Employment) Act, 1948 (9 of 1948);

(b) "Administrative Body" means the Administrative Body appointed under clause 5;

(c) "Board" means the Madras Dock Labour Board constituted under the Act;

(d) "Chairman" means the Chairman of the Board;

(e) "Deputy Chairman" means the Deputy Chairman of the Board;

(f) "Dock Employer" means the person by whom a Listed Dock General Pool worker is employed or is to be employed and includes Shipping Companies or Steamer Agents or Stevedore Employers or Contractors; or a group of such employers;

(g) "Dock Work" means operation at places or premises to which the Scheme relates, ordinarily performed by the Listed dock General Pool workers of the classes or descriptions to which the Scheme applies;

(h) "Employers" list means the list of dock employers maintained under the Scheme;

(i) "General Pool" means a Pool of Listed Dock Receipt Clerk, Dock Supervisor, Rigger Foreman and General purpose Mazdoor who are available for work and who are not for the time being in the employment of a Listed employer or a group of dock employers as monthly workers;

(j) "Labour Officer" means the Labour Officer appointed by the Board under clause 13;

(k) "Listed Worker" means a dock worker belonging to category of Dock Receipt Clerk, Dock Supervisor, Rigger Foreman and general purpose Mazdoor whose name for the time being is entered in the records of Listed workers as maintained by the Administrative Body;

(l) "Listed Employer" means a Shipping Company or Shipping Agent or Stevedore Employer or Contractor or a group of such employers of a listed Dock Receipt Clerk, Dock Superviser, Rigger Foreman and General purpose Mazdoor whose name is for the time being entered in the employers' list;

(m) "List" or "Record" means the List of Record of Dock Receipt Clerk, Dock Supervisor, Rigger Foreman and General Purpose Mazdoors maintained under the Scheme;

(n) "Monthly Worker" means a listed Dock Receipt Clerk and Dock Supervisor who is engaged by a listed employer or a group of such employers on a monthly basis under a contract which requires for its termination at least one month's notice on either side;

(o) "Personnel Officer" means the Personnal Officer appointed by the Board under clause 6;

(p) "Rules" means the Dock Workers (Regulation of Employment) Rules, 1962;

(q) "Vessel" means an ocean going cargo vessel or ship whose gross registered tonnage is not less than 350 tonnes or Lash Barges discharged from Lash Ship;

(r) "Week" mean the period commencing from midnight of any day in the week and ending on the mid-night of the next succeeding same day.

4. Constitution of the Board.—The Board shall be constituted in accordance with rules 3 to 7 of the Dock Workers (Regulation of Employment) Rule, 1962.

5. Administrative Body.—(1) The Central Government may, by notification in the Official Gazette, appoint the Madras Stevedores Association or any other authority to be the Administrative Body for the purpose of carrying on the day-to-day administration of the Scheme.

(2) The Administrative Body shall subject to the supervision and control of the Board and the Chairman and subject to the provisions of Clauses 12 and 45 carry on the day-to-day administration of the Scheme.

(3) The Central Government may, for sufficient cause, remove any Administrative Body appointed under sub-clause (1) :

Provided that the Administrative Body shall not be removed unless it has been given a reasonable opportunity of being heard.

6. Personnel Officer other Officers and Staff.—The Board may appoint a Personnal Officer and such other Officers and staff and pay them such salaries and allowances and prescribe such term and conditions of service as it deems fit :

Provided that no post the maximum salary of which, exclusive of allowances, is Rs. 2,000 and above per mensem shall be created and no appointment to such post shall be made by the Board except with the previous approval of the Central Government :

Provided further that the sanction of the Central Government shall not be necessary for any appointment in a leave vacancy of a duration of not more than three months.

7. Functions of the Board.—(1) The Board may take such measures as it may consider desirable for furthering the objects of the Scheme, including measures for :—

(a) ensuring the adequate availability of listed General Pool Workers viz., Dock Receipt Clerk Supervisory workers, Rigger Foreman and General Purpose Mazdoors for the purpose of providing the full and proper utilisation of these workers, providing for proper supervision and accurate documentation for the efficient working and facilitating rapid and economic turnround of vesels and the speedy transit of goods through the Port;

(b) fixing, increasing or decreasing, subject to the approval of Central Government, the number of workers to be listed under various categories, that is to say monthly

